जो हक के खिलाफ आवाज नहीं उठाती वो लाशे उठाती है। जो हक के लिए लड़ते है वह किसी बात में किसी का मोहताज नहीं होता।

बुराई देख कर हक बात कहने से खामोश रहने वाला गूंगा शैतान है।

दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

वर्ष 54/ अंक 274/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल ■आर।एन।आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, बुधवार 14 मई 2025 भोपाल से प्रकाशित dainiksandhyaprakash.in

**हाइकोर्ट जबलपुर ,जस्टिस अतुल श्रीधरन ने BSS 122 × 196 Ipc के तहत भाजपा मंत्री विजय शाह के खिलाफ स्वत: संज्ञान लिया ,डीजीपी को दिए BNS की धारा 196 × 197 के तहत एफआईआर के निर्देश**

सांध्यप्रकाश विशेष

## भुज एयरबेस पर जाएंगे , सीमा का दौरा करेंगे रक्षा मंत्री राजनाथ



नई दिल्ली। पाकिस्तान और उसके आतंकियों के खिलाफ भारतीय सशस्त्र बलों का ऑपरेशन सिंदूर सफल रहा है। कुछ ही समय के हमले में भारत की सेनाओं ने पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया और पाकिस्तान सीजफायर के लिए मिन्नतें करने लगा। इसके बाद दोनों में सीजफायर हुआ है। इस सीजफायर के बीच अब सूत्रों के हवाले से बड़ी जानकारी सामने आई है। जानकारी के मुताबिक, भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को वायुसेना के भुज एयरबेस की यात्रा करने जाएंगे। जानकारी के मुताबिक, भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को भुज पहुंचेंगे। रक्षा मंत्री भुज एयरबेस की विजिट पर जाएंगे। राजनाथ सिंह की ये यात्रा दो दिवसीय यानी शुक्रवार और शनिवार के लिए होगी। जानकारी के मुताबिक, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह गुजरात की भारत पाकिस्तान सीमा का दौरा करेंगे।

## अब बुलेट प्रूफ कार में करेंगे सफर , विदेश मंत्री जयशंकर की सुरक्षा बढ़ाई गई



नई दिल्ली। भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच विदेश मंत्री एस. जयशंकर की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जयशंकर के लिए विशेष बुलेट प्रूफ कार की व्यवस्था की है। दिल्ली में उनके आवास के आसपास सुरक्षा को और कड़ा कर दिया गया है। जयशंकर को पहले से ही जेड श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त है, जो केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 33 कमांडो की टीम द्वारा प्रदान की जाती है। यह टीम 24 घंटे उनकी सुरक्षा में तैनात रहती है। पिछले साल अक्टूबर में उनकी सुरक्षा को वाई से बढ़ाकर जेडश्रेणी किया गया था, जिसके बाद सीआरपीएफ ने दिल्ली पुलिस से उनका सुरक्षा प्रभार संभाला। 69 वर्षीय जयशंकर की सुरक्षा में देशभर में उनके आवागमन के दौरान 12 से अधिक सशस्त्र कमांडो तैनात रहते हैं। सीआरपीएफ वर्तमान में 210 से अधिक वीआईपी को सुरक्षा प्रदान कर रही है, जिनमें अमित शाह, नितिन गडकरी, दलाई लामा और कांग्रेस नेता सोनिया, राहुल व प्रियंका गांधी शामिल हैं। यह निर्णय 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले और भारत की सैन्य कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद लिया गया। 7 मई को इस ऑपरेशन में भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकी ठिकानों को नष्ट किया। इसके बाद दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया। पाकिस्तान द्वारा भारत के शहरों को निशाने पर लेने की कोशिश नाकाम रही, और भारत ने 14 पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों को ध्वस्त किया।

## भारतीय मूल की अनीता आनंद बनीं कनाडा की नई विदेश मंत्री भगवद गीता की ली शपथ



नई दिल्ली/कनाडा। कनाडा की नई सरकार में भारतीय मूल की अनीता आनंद को विदेश मंत्री की अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। लिबरल पार्टी की वरिष्ठ नेता अनीता ने मार्क कार्नी की कैबिनेट में मेलिनी जॉली का स्थान लिया, जिन्हें उद्योग मंत्री बनाया गया है। 58 वर्षीय अनीता ने हिंदू धर्मग्रंथ भगवद गीता पर हाथ रखकर शपथ ग्रहण की, जैसा कि उन्होंने पहले रक्षा मंत्री के रूप में भी किया था। अनीता कनाडा सरकार में पहली हिंदू नेता हैं। शपथ के बाद अनीता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, कनाडा की विदेश मंत्री बनना मेरे लिए गर्व का क्षण है। मैं प्रधानमंत्री मार्क कार्नी और अपनी टीम के साथ मिलकर सुरक्षित और निष्पक्ष दुनिया के निर्माण के लिए काम करूंगी। मार्क कार्नी की 28 सदस्यीय कैबिनेट में अनुभव और विविधता का समावेश है, जिसमें आधी महिलाएं शामिल हैं। यह कैबिनेट जस्टिन ट्रूडो युग से अलग नई शुरुआत का संकेत देती है। अनीता आनंद का जन्म 20 मई 1967 को कनाडा के नोवा स्कोटिया में हुआ। उनके माता-पिता, सरोज डी राम (पंजाब) और एसवी आनंद (तमिलनाडु), 1960 के दशक में भारत से कनाडा आए थे। दोनों डॉक्टर थे। अनीता ने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से राजनीति विज्ञान में स्नातक और डलहौजी व टोरंटो यूनिवर्सिटी से मास्टर डिग्री हासिल की। 1985 में वे ओंटारियो शिफ्ट हुईं। 1995 में उन्होंने कनाडाई वकील जॉन नोल्टन से शादी की, उनके चार बच्चे हैं। रक्षा मंत्री के रूप में अनीता ने उल्लेखनीय कार्य किए, जिससे उन्हें खासी लोकप्रियता मिली। कानून, शिक्षा और जनसेवा में उनकी विशेषज्ञता उन्हें वैश्विक मंच पर प्रभावशाली बनाती है।

## एमपी बोर्ड 10वीं और 12वीं की दूसरी परीक्षा का टाइम टेबल जारी

**भोपाल ।** मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल 10वीं व 12वीं की परीक्षा में फेल होने वाले, अनुपस्थित रहने वाले छात्रों को दोबारा परीक्षा देने का मौका 17 जून से मिलेगा। जिले में बोर्ड परीक्षा के रिजल्टआने के बाद दोनों ही कक्षाओं के 15967 छात्र इस परीक्षा में बैठकर अपने पूरे साल को बचा सकते हैं। यहां बता दें कि नई शिक्षा नीति के तहत अब छात्रों की पूरक परीक्षा नहीं आएगी। अब छात्र जिन विषयों में फेल हुए हैं, उनकी दोबारा से परीक्षा देनी होगी और उनकी अंक सूची में सप्लीमेंट्री भी लिखा हुआ नहीं आएगा। यदि छात्र सभी विषयों में फेल हैं, तो वह सभी विषयों की परीक्षा दे सकता है। बोर्ड ने द्वितीय परीक्षा के लिए टाइम टेबल भी जारी कर दिया है। दूसरी परीक्षा में परीक्षा केंद्र पर पहुंचने से लेकर अन्य जो भी नियम हैं वे फरवरी-मार्च में हुई परीक्षा वाले ही रहेंगे। दूसरी परीक्षा में छात्र सभी विषयों की परीक्षा दे सकते हैं। इसके साथ ही जो छात्र पास हो गए हैं, वे श्रेणी सुधार के लिए भी परीक्षा दे सकते है। साथ ही किसी वजह से पहली परीक्षा में अनुपस्थित रहे छात्र या परीक्षा में समय पर न पहुंचने वाले सभी छात्रों को इस परीक्षा में मौका मिलेगा।

### पीएम मोदी ने एनडीए के मुख्यमंत्रियों को 25 को दिल्ली बुलाया

# ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी देंगे, राजनीतिक स्थितियों पर भी बात होगी

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने 25 मई को एनडीए के सभी मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों की मीटिंग बुलाई है। इस बैठक में बिहार के सीएम नीतीश कुमार, आंध्र के चंद्रबाबू नायडू के आने की संभावना है। इसके अलावा महाराष्ट्र से अजित पवार और एकनाथ शिंदे जैसे लीडर भी मौजूद रहेंगे। सूत्रों का कहना है कि इस मीटिंग में पीएम नरेंद्र ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी देंगे। इसके अलावा मौजूदा राजनीतिक स्थितियों पर भी बात होने की संभावना है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान से छिड़ी जंग और फिर सीजफायर होने से एक वर्ग निराश बताया जा रहा है। इसे लेकर भाजपा नेतृत्व गंभीर है। ऐसे में एनडीए के साथियों को भरोसे में लेने की कवायद भी यह बैठक मानी जा रही है। इस बैठक में पीएम नरेंद्र मोदी के साथ राजनाथ सिंह और अमित शाह जैसे सीनियर नेता भी मौजूद रहेंगे। माना जा रहा है कि राजनाथ सिंह और अमित शाह भी इस बैठक में ऑपरेशन सिंदूर को लेकर कुछ ब्रीफ कर सकते हैं। भाजपा की कोशिश है कि ऑपरेशन सिंदूर को भारतीय सुरक्षा बलों की जीत के तौर पर प्रोजेक्ट किया जाए। यही नहीं इस मामले में किसी भी तरह की राजनीति से भी बचने की सलाह पीएम नरेंद्र मोदी ने दी है। उन्होंने कैबिनेट मीटिंग में मंत्रियों से कहा था कि राजनीतिक मामलों पर टिप्पणियां करने से फिलहाल बचें। ऑपरेशन सिंदूर को पूरी तरह से सेना को ही समर्पित किया जाए। इसका राजनीतिक श्रेय न लिया जाए।



### ऑपरेशन सिंदूर का श्रेय न लिया जाए

भाजपा के सीनियर नेताओं की तरफ से यह संदेश हर प्रदेश यूनिट को भी दिया गया है कि ऑपरेशन सिंदूर का श्रेय न लिया जाए। दरअसल पीएम मोदी बिलकुल नहीं चाहते कि इस मौके पर किसी भी तरह का राजनीतिक वाद-विवाद छिड़े। भाजपा की ओर से अपने कार्यकर्ताओं को भी साफ कहा गया है कि वे यही कहें कि ऑपरेशन सिंदूर वाला एक्शन आतंकी ठिकानों को तबाह करने के लिए था। यह पाकिस्तान के साथ जंग छेड़ने वाली बात नहीं थी। इसके अलावा भारत की ओर से पाकिस्तानी सेना को टारगेट भी नहीं किया गया। लेकिन पाकिस्तान की सेना ने भारत के खिलाफ हमले किए तो उसे करारा जवाब दिया गया। पीएम मोदी ने भी आदमपुर एयरबेस पर दी गई अपनी स्पीच में ऐसी ही बात की थी।

## न्यायमूर्ति बीआर गवई बने मुख्य न्यायाधीश , राष्ट्रपति ने दिलाई शपथ



**नई दिल्ली।** न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण (बीआर) गवई ने आज बुधवार को भारत के 52वें मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) के रूप में शपथ ग्रहण की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें राजभवन में शपथ दिलाई। जस्टिस गवई ने मंगलवार को सेवानिवृत्त हुए जस्टिस संजीव खन्ना का स्थान लिया। उनकी नियुक्ति की अधिसूचना 30 अप्रैल को कानून मंत्रालय ने जारी की थी। जस्टिस खन्ना ने 16 अप्रैल को उनके नाम की सिफारिश केंद्र सरकार को की थी। जस्टिस गवई का कार्यकाल छह महीने का होगा, और वह 23 दिसंबर 2025 को सेवानिवृत्त होंगे। परंपरा के अनुसार, सीजेआई अपने उत्तराधिकारी के रूप में सुप्रीम कोर्ट के सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश की अनुशंसा करते हैं। जस्टिस गवई वरिष्ठता क्रम में शीर्ष पर थे। जस्टिस गवई का जन्म 24 नवंबर 1960 को महाराष्ट्र के अमरावती में हुआ। उन्होंने 1985 में वकालत शुरू की और नागपुर नगर निगम, अमरावती विश्वविद्यालय जैसे संस्थानों के लिए वकील रहे। 1992-93 में बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर खंडपीठ में सहायक सरकारी वकील रहे। 2003 में वे बॉम्बे हाईकोर्ट के अतिरिक्त न्यायाधीश और 2005 में स्थाई न्यायाधीश बने। 24 मई 2019 को उन्हें सुप्रीम कोर्ट का न्यायाधीश नियुक्त किया गया। जस्टिस गवई ने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने जैसे ऐतिहासिक फैसलों में हिस्सा लिया। उनकी नियुक्ति से न्यायपालिका में निष्पक्षता और अनुभव की उम्मीद बढ़ी है।



**भाजपा कार्यालय में अहिल्याबाई की जयंती को लेकर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी नगर पालिका अध्यक्षों की बैठक सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा एवं आमंत्रित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया गया।**



## ऑपरेशन सिंदूर को लेकर राष्ट्रपति से मिले तीनों सेना प्रमुख

**नई दिल्ली एजेंसी।** भारत की तरफ से पाकिस्तान और पाकिस्तान-अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर को लेकर देश की शीर्ष सैन्य नेतृत्व ने बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को जानकारी दी। जहां मुख्य रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान, थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए. पी. सिंह, और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने राष्ट्रपति भवन में मुलाकात कर उन्हें ऑपरेशन की प्रगति और उपलब्धियों से अवगत कराया। राष्ट्रपति ने सशस्त्र बलों की वीरता और समर्पण की सराहना की, जिन्होंने आतंकवाद के खिलाफ भारत के करारे जवाब को सफलता बना दिया। बता दें कि भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने के लिए 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया था. भारत के इस मिसाइल हमले में 100 आतंकी मारे गए थे।

### अप्रैल में थोक मूल्य मुद्रास्फीति घटकर 0.85 प्रतिशत हुई

**मुंबई एजेंसी।** अप्रैल में थोक मूल्य मुद्रास्फीति घटकर 0.85 प्रतिशत पर आ गई, जो मार्च में 2.05 प्रतिशत थी। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, खाद्य पदार्थों, बनाए गए उत्पादों और ईंधन की कीमतों में कमी आने से अप्रैल में थोक मूल्य मुद्रास्फीति घटकर 0.85 फीसदी रह गई। मार्च में थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति 2.05 फीसदी थी। पिछले साल अप्रैल में यह 1.19 फीसदी थी। उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि अप्रैल में मुद्रास्फीति की सकारात्मक दर मुख्य रूप से खाद्य उत्पादों, रसायन और रासायनिक उत्पादों, परिवहन उपकरणों और मशीनरी के विनिर्माण आदि की कीमतों में वृद्धि के कारण है। थोक मूल्य सूचकांक के आंकड़ों के अनुसार, खाद्य पदार्थों में अप्रैल में 0.86 प्रतिशत की गिरावट देखी गई।

## पाकिस्तान ने बीएसएफ जवान भारत को सौंपा, 84 बार सीटी बजाई गई थी



**नई दिल्ली।** पंजाब के फिरोजपुर में अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर पर गलती से पाकिस्तानी सीमा में प्रवेश करने वाले बीएसएफ जवान पीके साहू की बुधवार को रिहाई हो गई है। वे सकुशल वापस पहुंच गए हैं। साहू की सुरक्षित रिहाई के लिए बीएसएफ़ ने अथक प्रयास किया था। पाकिस्तान की कैद से 504 घंटे में हुई बीएसएफ जवान की रिहाई के लिए छह से अधिक फ्लैग मीटिंग की गई तो वहीं अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर पर 84 बार सीटी बजाई गई थी। सीओ लेवल की मीटिंग के अलावा बीएसएफ और रेंजर्स के शीर्ष अधिकारियों ने भी इस मुद्दे पर बातचीत की। बता दें कि बीएसएफ जवान 23 अप्रैल को गलती से पाकिस्तान की तरफ चला गया था। जवान की सकुशल रिहाई के लिए बीएसएफ द्वारा लगातार प्रयास जारी रखे गए। अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर पर बीएसएफ, रोजाना तीन से चार बार सीटी बजाकर या झंडा दिखाकर पाकिस्तानी रेंजर्स को बातचीत का सिग्नल भेजा गया। कई बार फ्लैग मीटिंग भी हुई। सूत्रों का कहना है कि जवान की रिहाई के लिए सभी तरह के प्रयास किए गए। यह बात तय हो गई थी कि पाकिस्तानी रेंजर्स के लिए लंबे समय तक बीएसएफ जवान को अपने कब्जे में रखना संभव नहीं होगा। इस मामले में बीएसएफ और पाकिस्तानी रेंजर्स के बीच छह से अधिक फ्लैग मीटिंग भी हुई हैं। उसमें यही बताया गया कि जैसे ही रेंजर्स के शीर्ष नेतृत्व से हरी झंडी मिलेगी, जवान को छोड़ दिया जाएगा। बीएसएफ ने अपने जवान की रिहाई के लिए कोई भी कसर बाकी नहीं रखी। बॉर्डर पर रोजाना ही बीएसएफ की तरफ से जवान की रिहाई का प्रयास किया जा रहा। मसलन, बॉर्डर पर सीटी बजाकर पाकिस्तानी रेंजर्स को बुलाने की कोशिश होती रही।

## वंदेभारत कोच के निर्माण से 23 लाख से अधिक युवाओं को मिलेगा रोजगार: डॉ. यादव

### ▶▶ कृषि उद्योग समागम के माध्यम से कृषि आधारित उद्योगों को मिलेगा बढ़ावा



**भोपाल** बैंगलोर जाने से पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारी सरकार लगातार रोजगारपरक कार्यों की दृष्टि से मध्यप्रदेश को समृद्ध बनाने के लिए कार्य कर रही है। हमारी सरकार युवा, गरीब, महिला, किसान सबकी बेहतरी के लिए काम कर रही है। हम उद्योग और व्यवसाय के माध्यम से मध्यप्रदेश के युवाओ, बेरोजगारों व गरीब लोगों की जिंदगी बदलने के लिए अलग-अलग क्षेत्रों में काम कर रहे हैं। एक तरफ कृषि आधारित उद्योगों की श्रृंखला बनाने के लिए जोन स्तर पर कृषि उद्योग समागम आयोजित कर रहे हैं, इसी कड़ी में आगामी 26 मई को नरसिंहपुर में समागम आयोजित कर रहे हैं, इसके पूर्व मंदसौर के सीतामऊ में यह आयोजन किया गया था। मध्यप्रदेश में रोजगार को बढ़ावा मिले इसके लिए वंदे भारत के कोच भोपाल में निर्मित हों इसके लिए भूमि आवंटन का पत्र दे रहे हैं, जिससे बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार मिलेगा और इस कोच फैक्ट्री का शीघ्र ही भूमिपूजन किया जाएगा। इससे लगभग 23 लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जीआईएस, रीजनल इंस्डस्ट्री कॉन्क्लेव व इंस्डस्ट्री कॉन्क्लेव के माध्यम से 50 प्रतिशत से अधिक आवेदकों को भूखंड का आवंटन कर दिया गया है और शीघ्र ही हम इन उद्योगों के भूमि पूजन और लोकार्पण की प्रक्रिया में पहुंच जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष को हम उद्योग व रोजगार वर्ष के रूप में मना रहे हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 21वीं शताब्दी के भारत के लिए मध्यप्रदेश भी सभी प्रकार के विकास के दरवाजों को खोलते हुए आगे बढ़े ऐसी उम्मीद है। वहीं मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश लगातार एक मजबूत औद्योगिक आधार तैयार कर रहा है। देश के बड़े औद्योगिक समूहों के साथ संवाद की यह श्रृंखला राज्य को निवेश के नए क्षितिज की ओर ले जा रही है, जहां नीति, संसाधन और नेतृत्व तीनों ही स्तर पर उद्योगों को सुरक्षित और गतिशील मंच प्राप्त हो रहा है।

### बेंगलुरु में 'इन्वेस्ट इन एमपी' सत्र में होगा राज्य की औद्योगिक ताकत का प्रदर्शन

उल्लेखनीय है कि आज बेंगलुरु के 'द लीला पैलेस' में आयोजित इन्टरैक्टिव सत्र में मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रमुख उद्योग समूहों, निवेशकों और टेक्नोलॉजी कंपनियों से संवाद करेंगे। इस सत्र में मध्य प्रदेश की औद्योगिक नीतियों, अधोसंरचना और क्षेत्रवार निवेश अवसरों पर विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी। इसमें औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के प्रमुख सचिव राघवेंद्र सिंह, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव संजय दुबे तथा संस्कृति एवं पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव शिव शेखर शुक्ला मध्य प्रदेश में निवेश के अवसरों पर निवेशकों जानकारी देंगे। वहीं मुख्यमंत्री डॉ. यादव निवेशकों के साथ वन-टू-वन बैठकों के माध्यम से सीधे संवाद करेंगे। इन संवादों में आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स, मैन्युफैक्चरिंग, डिफेंस, ऑटोमोबाइल, टूरिज्म और टेक्नोलॉजी सेक्टर के प्रमुख निवेशक शामिल होंगे।

# भगवान महावीर पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

समाजसेवा, शिक्षा, चिकित्सा एवं अहिंसा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को किया गया सम्मानित। चेन्नई स्थित भगवान महावीर फाउंडेशन द्वारा 27वें एवं 28वें भगवान महावीर पुरस्कारों का वितरण समारोह 9 मई को भव्य रूप से आयोजित किया गया। इस गरिमामय अवसर पर भारत सरकार के केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया।

## पुरस्कार प्राप्तकर्ता हैं

### 1. अहिंसा एवं शाकाहार के क्षेत्र में

राधा सुरभि गौ सेवा ट्रस्ट उत्तर प्रदेश
कृष्ण गोपाल गौ सेवा समिति नागौर-राजस्थान।

### 2. शिक्षा के क्षेत्र में

ह्यूमैनिटी वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन हेल्पलाइन जम्मू एवं कश्मीर।
सुश्री विद्या दास ओडिशा।

### 3. चिकित्सा के क्षेत्र में

परिवार एजुकेशन सोसाइटी पश्चिम बंगाल।
एसोसिएशन फॉर हेल्थ वर्कर्स नीलगिरी, तमिलनाडु।

### 4. सामाजिक एवं सामुदायिक सेवा के क्षेत्र में

ग्रुप कैप्टन अतुलचंद बरुआ असम।
आशादीप असम।

प्रत्येक पुरस्कार के अंतर्गत 10 लाख रुपये की पुरस्कार राशि, प्रशस्तिपत्र, स्मृति-चिह्न तथा भगवान महावीर की प्रतिमा प्रदान की गई।

इस अवसर पर भगवान महावीर फाउंडेशन के संस्थापक श्री एन. सुगालचंद जैन द्वारा लिखित पुस्तक Bridges to My Past का भी लोकार्पण किया गया।

## डा. नेमीचंद जैन स्मृति पुरस्कार

प्रख्यात विद्वान प्रोफेसर भागचंद जैन, नागपुर को उनकी पुस्तक जैन सांस्कृतिक चेतना के स्वर के लिए प्रदान किया गया। इसके अंतर्गत 2 लाख रुपये की पुरस्कार राशि, स्मृति-चिह्न तथा भगवान महावीर की प्रतिमा प्रदान की गई।

29वें भगवान महावीर पुरस्कार के लिए नामांकन आमंत्रित हैं भगवान महावीर फाउंडेशन, चेन्नई द्वारा 29वें महावीर पुरस्कार के लिए नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। समाज सेवा के क्षेत्र में कार्यरत संस्थाएं अथवा व्यक्ति स्वयं या किसी अन्य द्वारा नामांकित किए जा सकते हैं।

**नामांकन भेजने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025**
**सुगालचंद जैन, चेन्नई**

नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल का सीबीएसई 12वीं कक्षा का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम

# कॉमर्स स्ट्रीम में सौम्या वासवानी ने 97.2 प्रतिशत प्राप्त कर किया टॉप




**संत हिरदाराम नगर।** परमहंस संत शिरोमणि हिरदाराम साहिबजी की असीम अनुकंपा एवं संस्था के प्रेरणा स्रोत श्रद्धेय सिद्ध भाऊजी के मार्गदर्शन में शहीद हेमू कालानी एजूकेशनल सोसायटी द्वारा संचालित नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने सीबीएसई की 12वीं की बोर्ड परीक्षा में अपनी अकादमिक उत्कृष्टता का इस बार भी श्रेष्ठ प्रदर्शन कर संस्था को गौरवान्वित किया। नवनिध स्कूल में 12वीं कक्षा में वाणिज्य संकाय की छात्रा सौम्या वासवानी ने 97.2 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय एवं अपने परिवार नाम रोशन किया। प्राचार्या सुश्री अमृता मोटवानी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा है, यह विद्यालय के लिए अत्यंत प्रसन्नता का विषय है। कुल 83 छात्राओं में से 13 छात्राओं ने 90 प्रतिशत एवं उससे अधिक अंक प्राप्त किए। वाणिज्य संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त छात्रा सौम्या वासवानी के अतिरिक्त 12 अन्य छात्राओं- सुहानी भोजवानी 96.8, प्राची रामनानी 95.8, महिमा वलेचा 95, लवली चांदवानी 94.6, प्राची मूरजानी 94.4, कृपा निहलानी 94, भावना जाट 94, मन्नत फुलवानी 93.4, मनीषा जेसवानी 92.4, आँचल तलरेजा 91.8, अनुषा अग्रवाल 91.4 और हर्षिता आसवानी 90.8 ने शानदार प्रदर्शन देकर अपनी सफलता का परचम लहराया इसी तरह विज्ञान संकाय में रिद्धिमा मेहरचंदनी 88.6 एवं रिचा शर्मा 88 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। विद्यालय की होनहार छात्रा सौम्या वासवानी ने इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में 100 एवं प्राची रामनानी ने एंटरप्रेन्योरशिप मे 100 अंक हासिल किए। छात्राओं ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने कठिन परिश्रम, शिक्षक-शिक्षिकाओं के उत्तम शिक्षण व प्रोत्साहन, माता-पिता के आशीर्वाद एवं श्रद्धेय सिद्ध भाऊजी के सतत मार्गदर्शन को दिया है। शहीद हेमू कालानी एजुकेशनल सोसाइटी के समस्त सम्मानित सदस्यों, प्राचार्य सुश्री अमृता मोटवानी, उपप्राचार्या सुश्री रेखा केवलानी तथा शिक्षकगणों ने छात्राओं की इस उल्लेखनीय सफलता पर बधाई प्रेषित की।

नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल के दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन: सीबीएसई बोर्ड की कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम में नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने पुन: अपनी योग्यता प्रमाणित की है। यह विद्यालय परमहंस संत हिरदाराम साहिब जी के आशीर्वाद से स्थापित किया गया है और उनके उत्तराधिकारी श्रद्धेय सिद्ध भाऊ जी के प्रेरणा पद मार्गदर्शन में संचालित हो रहा है। शहीद हेमू कलानी एजुकेशनल सोसायटी द्वारा संचालित इस विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाती है। छात्राओं ने एक बार पुन: साबित किया है कि यह विद्यालय नगर का बेजोड़ विद्यालय है। यहां के शिक्षक, प्राचार्य एवं प्रबंधन उत्कृष्ट शैक्षणिक व्यवस्था के लिए पूर्ण रूप से समर्पित हैं। कक्षा दसवीं की कुल 127 परीक्षार्थियों में से हर्षिता कृपलानी ने 97.8त्न प्राप्त कर स्कूल में टॉप किया। इसके अलावा हिमांशी खेराजानी 96, जाह्नवी गुरबानी 95.4, अंजलि भावनानी 94.8, मुस्कान हरपलानी 94.6, दीपिका आहुजा 94.4, हिमांशी शेवानी 94.2, नुपुर लालवानी 94, क्षमा तिवारी 93, भव्या जैन 92.8, मान्या मोरानंदानी 92, याशिका गंगवानी 92, तृप्ति उदय 92, हरजोत कौर 90.6, अंशिका आनंद 90.4, आस्था यादव 90.4 और हिना मनसुखानी 90.2 ने प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। हर्षिता कृपलानी एवं हिमांशी खेराजानि ने इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी विषय में 100 में से 100 अंक हासिल किए। 127 में से यानी 97.6 छात्राओं ने फर्स्ट डिवीजन से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष श्रद्धेय सिद्ध भाऊ जी ने अपने संप्रेक्षित संदेश में सभी छात्राओं, उनके अभिभावकों, विद्यालय के शिक्षक शिक्षकों एवं संपूर्ण विद्यालय परिवार को हार्दिक बधाई देते हुए अपेक्षा की कि आगे भी ये छात्राएं अपने कर्म पथ पर इसी तरह अग्रसर रहते हुए स्वयं का एवं अपने विद्यालय परिवार का नाम रोशन करेंगी। छात्राओं ने अपनी सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसका श्रेय अपनी शिक्षिकाओं, माता-पिता के आशीर्वाद एवं श्रद्धेय सिद्ध भाऊ जी के सतत मार्गदर्शन को दिया है। संस्था सचिवघनश्याम बुलचंदानी, सहसचिव रामनानी, उपाध्यक्ष हीरो ज्ञानचंदानी, एकेडमिक डायरेक्टर गोपाल गिरधानी, विद्यालय की प्राचार्य अमृता मोटवानी, उपप्राचार्य रेखा केवलानी एवं अन्य समस्त सम्मानित सदस्यों ने विद्यार्थियों को उनकी कड़ी मेहनत, अभिभावकों द्वारा प्राप्त सहयोग और शिक्षकों द्वारा अध्ययन के प्रति समर्पण हेतु बधाई दी।

# सिया काला ने राष्ट्रीय स्तर पर नृत्य प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया







**भोपाल।** जबलपुर में आयोजित रेवा महोत्सव के अंतर्गत 10 वर्षीय सिया काला ने अखिल भारतीय राष्ट्रीय स्तर नृत्य प्रतियोगिता में तीसरा पुरस्कार जीता। सिया भोपाल के काला परिवार के एडवोकेट सीमांत काला की सुपुत्री होकर सागर पब्लिक स्कूल की पांचवीं कक्षा की विद्यार्थी है।

# लकी चार्म्स ग्रुप की महिलाओं ने सोशल मीडिया थीम पर की किटी पार्टी




**भोपाल।** सोशल मीडिया के माध्यम से किटी पार्टियों का स्वरूप और प्रभाव समय के साथ बदलता जा रहा है। यह परिवर्तन समाज में महिलाओं की भूमिका, उनकी सामाजिक गतिविधियों और डिजिटल प्लेटफॉर्म् पर देखने को मिल रहा है गूगल, इंस्टाग्राम, वॉट्सएप, फेसबुक, यू ट्यूब जैसे सोशल मीडिया एप के रंगबिरंगे परिधान और प्रॉप के जरिए लकी चार्म्स ग्रुप की महिलाओं ने किटी पार्टी आयोजित की किटी पार्टी होस्ट रजनी चौरे ने बताया कि किटी पार्टियां महिलाओं के सामाजिक मेलजोल का एक महत्वपूर्ण माध्यम रहा हैं, जहां वे आपसी बातचीत, मनोरंजन और सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेती हैं। महिलाएं सोशल मीडिया के माध्य से आत्म-अभिव्यक्ति, नेटवर्किंग और सामाजिक जुड़ाव के नए अवसर प्राप्त करती हैं। वहीं ग्रुप की सक्रिय सदस्य विद्या सोन्हिया ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से किटी पार्टियों का स्वरूप बदल रहा है, जो महिलाओं के सामाजिक जीवन, डिजिटल सहभागिता और सामुदायिक गतिविधियों को प्रभावित कर रहा है। जहां एक ओर यह प्लेटफॉर्म महिलाओं को नए अवसर प्रदान कर रहा है, वहीं दूसरी ओर इसके माध्यम से धोखाधड़ी और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी चुनौतियां भी सामने आ रही हैं। इसलिए, महिलाओं को सोशल मीडिया और किटी पार्टी जैसे आयोजनों में सक्रिय भागीदारी करते समय सतर्कता और जागरूकता बनाए रखना आवश्यक है। इस अवसर पर ग्रुप की सदस्य अरुणा मिश्रा, मृणालिनी, सुनीता माटा, डिंपल पाराशर, मंजू सलैया, रुचि मिश्रा, संध्या भाटिया, रेणु भाटिया, अनुपमा ,प्रीति गुप्ता, शालू गुप्ता, लता लखेरा, यशु गुप्ता, विनीता शर्मा, शिवानी गुप्ता उर्मिला रघुवंशी आदि उपस्थित रहीं

इस अवसर पर सभी महिलाओं ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए देश के सैनिकों को ढेर सारी बधाई दी और शुभकामनाएं प्रेषित की

# आरजीपीवी का दीक्षांत समारोह 16 मई को मिंटो हॉल में

**भोपाल।** राजीव गाँधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल का बारहवाँ दीक्षांत समारोह 16 मई को प्रात: 11 बजे कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (मिंटो हॉल) भोपाल में सम्पन्न होगा।इस अवसर पर समारोह की अध्यक्षता मध्यप्रदेश के राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री मंगुभाई पटेल करेंगे, मुख्य अतिथि के रूप में डिक्शन उद्बोधन नीति आयोग भारत सरकार के सदस्य डॉ विजय कुमार सारस्वत देंगे।दीक्षांत समारोह केक विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा तकनीकी शिक्षा एवं आयुष विभाग मध्यप्रदेश शासन के मंत्री श्री इंदर सिंह परमार होंगे, इस अवसर पर दीक्षांत प्रतिवेदन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो राजीव त्रिपाठी प्रस्तुत करेंगे। उक्त जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो मोहन सेन ने बताया कि विश्वविद्यालय के द्वादश दीक्षांत समारोह मे विगत तीन शेक्षणिक सत्रों 2020,2021,एवं 2022 में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को मैडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किये जाएँगे जिनकी संख्या 205 होगी,साथ ही जनवरी 2020 से दिसंबर 2023 तक विश्वविद्यालय से पीएचडी पूर्ण कर चुके 157 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की जाएगी।




**भोपाल। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक भगवानदास सबनानी ने नेहरू नगर स्थित पुलिस ग्राउंड में आयोजित महेश्वर खेलकूद शिक्षण एवं सामाजिक संस्था द्वारा आयोजित विधायक चैलेंजर ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष डॉ.विवेक परिहार प्रदीप चौधरी लखन बग्गन कृष्ण नरवरे सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।**

# अरूषि ने सीबीएसई 12वीं में प्राप्त किए 96.60 फीसदी अंक



**भोपाल।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कक्षा12वीं बोर्ड परीक्षा 2025 का परिणाम में सेंट जोसफ सीनियर सेकंडरी गर्ल्ड स्कूल ईदगाह हिल्स भोपाल में अध्ययनरत गोविन्द गॉर्डन स्थित अपूर्व खरे की पुत्री कुमारी अरूषि खरे ने कक्षा 12वीं में 96.60 फीसदी अंक हासिल कर सुयश प्राप्त किया। अरूषि ने सर्वाधिक 96.60 फीसदी अंक प्राप्त कर न सिर्फ विद्यालय का बल्कि राजधानी भोपाल सहित अपने माता-पिता का भी नाम रोशन किया है।

## वजन कम करना चाहते हैं तो स्नैकिंग के हेल्दी विकल्पों को अपनाएं: डॉ रोहिणी पाटिल

**भोपाल।** खाने के बीच भूख लगना उन लोगों के लिए परेशानी हो सकता है जो वजन कम करना चाहते हैं। इस भूख के दौरान हमें अक्सर ऐसी चीजें खाने का मन करता है जो सेहत के लिए अच्छी नहीं होतीं, जिससे वजन कम करने का लक्ष्य बिगड़ सकता है। लेकिन सही तरीके से नाश्ता करने से वजन कम करने में मदद मिल सकती है। डॉ. रोहिणी पाटिल (एमबीबीएस और न्यूट्रिशनिस्ट) कहती हैं कि बादाम, फल और सब्जियां जैसे पौष्टिक खाद्य पदार्थ सही मात्रा में खाने चाहिए। डॉ. पाटिल कहती हैं कि नाश्ता करना समस्या नहीं है, बल्कि हम क्या और कितना खाते हैं, यह मायने रखता है। सही पोषक तत्वों के संतुलन के साथ चुने गए नाश्ते से सेहत के लक्ष्यों को बनाए रखा जा सकता है और खाने का आनंद भी लिया जा सकता है। यहां कुछ सेहतमंद नाश्ते के विकल्प दिए गए हैं जो आपको तृप्त रखेंगे और वजन कम करने की राह पर मदद करेंगे।

# एलएन यूनिवर्स का आयोजन



**भोपाल।** एलएनसीटी यूनिवर्सिटी द्वारा एलएन यूनिवर्स का आयोजन किया गया। इसमें भोपाल विश्वविद्यालय के सभी विभागों के मध्य इनडोर एवं आउटडोर खेलों कैरम, शतरंज, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, क्रिकेट, फूटसल, खो खो, रस्साकसी, वॉलीबॉल का आयोजन किया गया था आज इसके पुरस्कार वितरण समारोह में कुलगुरु प्रो एन के थापक,डॉ ए के सिंघई,ड्रा अनु श्रीवास्तव,डॉ अनुष्का नायक, डॉ जितेंद्र शर्मा,पंकज कुमार जैन, डॉ वी एस पवार ने खिलाड़ियों को पुरस्कार दिए प्रतियोगिता में स्कूल ऑफ फिजिकल एजुकेशन ने 35 अंकों के साथ ओवर आल प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि 32 अंकों के साथ एल एन आयुर्वेद दूसरे ओर 26 अंकों के साथ स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज तीसरे स्थान पर रहा। कैरम पुरुष वर्ग में विजेता एशु जैन (एलएन आयुर्वेद) उपविजेता सार्थक, (स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज)। शतरंज पुरुष वर्ग में विजेता चिराग दुबे (स्कूल ऑफ फार्मेसी), उपविजेता सार्थक ,( स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज )। बैडमिंटन पुरुष वर्ग में विजेता पवन शर्मा, हर्षित जैन, नीरज (स्कूल ऑफ फिजिकल एजुकेशन) उपविजेता एशु जैन, वैभव, योगेश परमार, (एलएन आयुर्वेद)।

# होम्योपैथिक डॉक्टर द्वारा एलोपैथी में उपचार करने पर क्लिनिक को किया बंद

## सीएमएचओ कार्यालय की टीम कर रही निरीक्षण



**भोपाल।** अपनी निर्धारित पैथी और चिकित्सकीय योग्यता के अतिरिक्त इलाज करने वाले 2 क्लिनिक्स पर सीएमएचओ कार्यालय द्वारा कार्यवाही करते हुए उनका संचालन बंद किया गया है। बागसेवनिया क्षेत्र में चल रहे डेंटोकेयर मल्टी स्पेशलिटी डेंटल एंड कॉस्मेटिक सेंटर में डेंटिस्ट द्वारा त्वचा रोगों एवं बालों को पुन: उगाने का उपचार दिया जा रहा था।

ये क्लीनिक नर्सिंग होम एंड क्लीनिक एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत पंजीकृत भी नहीं मिला है। क्लीनिक में बायोमेडिकल वेस्ट सर्टिफिकेट और पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड सर्टिफिकेट भी नहीं मिला है। सीएमएचओ कार्यालय की टीम ने पंजीयन न होने और डर्मेटोलॉजिस्ट के बिना त्वचा एवं बालों की समस्याओं का उपचार करने पर इसका संचालन बंद करवा दिया है। निरीक्षण दल ने अशोका गार्डन क्षेत्र में चल रहे अपेक्स क्लिनिक में होम्योपैथिक चिकित्सक द्वारा एलोपैथी पद्धति से उपचार करने की जानकारी मिलने पर इसे भी बंद किया है । संचालक द्वारा क्लीनिक का पंजीयन भी नहीं कराया गया था। विभाग द्वारा पूर्व में भी ऐसे क्लिनिक्स को बंद करवाया जा चुका है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल के निर्देश पर विभिन्न क्लिनिक्स की निरंतर जांच कर रही हैं। निरीक्षण में चिकित्सा व्यवसाय कर रहे व्यक्तियों की डिग्री, चिकित्सा पद्धति, काउंसिल का पंजीयन , म प्र उपचार्यगृह एवं रूज़ोपचार संबंधी स्थापना अधिनियम, जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन अधिनियम, गुमास्ता लाइसेंस की जांच की जा रही है। निरीक्षण के दौरान म.प्र. उपचार्यगृह एवं रूज़ोपचार संबंधी स्थापना अधिनियम का उल्लंघन पाए जाने पर कार्यवाही भी की जा रही है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी ने कहा कि निजी चिकित्सा व्यवसायी शासन द्वारा निर्धारित सभी अनुमतियां प्राप्त करने के बाद और अपनी निर्धारित पैथी में ही चिकित्सा व्यवसाय करें, अन्यथा उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# मानसून को लेकर नालों की सफाई अभियान, महापौर ने किया निरीक्षण



**संत हिरदाराम नगर।** संत हिरदाराम नगर में मानूसन से पहले नालों की सफाई अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को महापौर मालती राय ने संबंधित अधिकारियों के साथ जोन 1 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 3, 4 एवं 5 में नालों की सफाई अभियान का निरीक्षण किया गया। जहां नालों में गंदगी मिली वहां महापौर ने जल्द से जल्द सफाई के निर्देश दिए वहीं जहां जलभराव की स्थिति बनती है वहां से पानी निकासी का रास्ता बनाने के निर्देश दिए। यह अभियान 1 से 30 मई तक लगातार चलाया जा रहा है, ताकि मानसून के दौरान जलभराव की समस्या से नागरिकों को राहत मिल सके। हालांकि संत हिरदाराम नगर में कई जगह पर नालों को बंद करके दुकानों एवं मकानों का निर्माण कर लिया गया है। इससे बरसात के दौरान जलभराव की स्थिति बनती है इसके लिए नगर निगम द्वारा उचित कदम नहीं उठाया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य आर. के. सिंह बघेल, एमआईसी सदस्य एवं वार्ड क्रमांक 4 पार्षद राजेश हिंगोरानी, नगर निगम भोपाल सहायक उपायुक्त स्वास्थ्य विभाग कीर्ति चौहान, जोन क्रमांक 1 प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी रविकांत औदिच्य सहित कई लोग उपस्थित थे।

# प्राइवेट को पीछे छोड़ेंगे सरकारी स्कूलः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## जबलपुर के बरगी हिल्स में 27 करोड़ 84 लाख की लागत वाले सांदीपनि विद्यालय का भूमिपूजन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सांदीपनी विद्यालय प्रदेश में शिक्षा के आदर्श केंद्र बनकर उभर रहे हैं। इनसे शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा मिलेगी। भगवान गोपाल कृष्ण की शिक्षा उज्जैन के सांदीपनी गुरुकुल में हुई थी। सांदीपनि मुनि गुरु परंपरा के आदर्श उदाहरण हैं, जिन्होंने अपने बेटे की परवाह किए बगैर भगवान श्रीकृष्ण सहित अनेकों विद्यार्थियों को शिक्षा-दीक्षा दीं। तत्कालीन समय में सांदिपनि के पुत्र को यम जाति के आक्रांताओं ने बंदी बना रखा था और बाद में श्रीकृष्ण ने गुरु भाई को छुड़ाकर सांदीपनि मुनि को लौटाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में पहली बार शासकीय स्कूलों (सांदीपनी विद्यालय) में प्रायवेट की तर्ज पर खेल-कूद और सांस्कृतिक गतिविधियां संचालित होंगी। सरकारी स्कूल भी प्रायवेट को पीछे छोड़ेंगे। इस वर्ष बोर्ड परीक्षाओं की मेरिट में आए 70 प्रतिशत बच्चे सरकारी स्कूलों से पढ़ाई करने वाले रहे हैं। राज्य सरकार सभी विद्यार्थियों की बेहतर शिक्षा के लिए सभी सुविधाएं दे रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को जबलपुर के बरगी हिल्स में सांदीपनी विद्यालय के भूमि-पूजन समारोह को संबोधित कर रहे थे। सांदीपनी विद्यालय का निर्माण 27 करोड़ 84 लाख की लागत से 11 एकड़ क्षेत्र में किया जाएगा। सर्व सुविधायुक्त विद्यालय में 1960 विद्यार्थी एक साथ शिक्षा ग्रहण करेंगे। समारोह में सांसद आशीष दुबे, विधायक अभिलाष पांडे, विधायक अशोक रोहाणी, विधायक संतोष बरकड़े और रत्नेश सोनकर सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जबलपुर दुनिया की सबसे आकर्षक नगरी है। संस्कारधानी के भेड़ाघाट से मां नर्मदा की अविरल धारा निकली है, जो विश्व में प्रसिद्ध है। राज्य सरकार ने अपनी पहली कैबिनेट बैठक रानी दुर्गावती के शहर जबलपुर में की थी। रानी दुर्गावती ने औरंगजेब के सामने आत्मसमर्पण करने से इनकार कर दिया था। उनकी वीरता को नमन है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि संस्कारधानी का जुड़ाव नेताजी सुभाष चंद्र बोस से भी रहा है। उन्होंने आजाद हिंद फौज का निर्माण कर ब्रिटिश सरकार से लोहा लिया था।

## छत्रपति संभाजी महाराज की जयंती पर नमन

आज यानी 14 मई 2025 को छत्रपति संभाजी महाराज की जयंती है। संभाजी महाराज मराठा सम्राट छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र थे। इसके अलावा उनका खुद का दमदार व्यक्तित्व है। संभाजी महाराज वीर और साहसी योद्धा होने के साथ ही धार्मिक सहिष्णुता और विद्वता के प्रतीक भी हैं।महज 15 वर्ष की उम्र में संभाजी महाराज को 13 भाषाओं का ज्ञान था। वह एक विद्वान लेखक और कवि भी थे। मराठा साम्राज्य के दूसरे छत्रपति संभाजी ने औरंगजेब की विशाल सेना से लड़ते हुए कई वर्षों तक मराठा भूमि की रक्षा की। जब औरंगजेब ने उन्हें बंदी बनाकर इस्लाम कबूल करने का आदेश दिया तो संभाजी महाराज ने धर्म परिवर्तन करने से मना कर दिया। इसके बाद उन्हें क्रूरता से शहीद कर दिया गया। संभाजी के व्यक्तित्व से शिक्षा लेकर नई पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए।

**छत्रपति संभाजी महाराज की जन्म जयंती पर उन्हें सादर नमन**
**राजेश नारायण श्रीवास्तव (एड.)**




## राजधानी भोपाल में सैनिकों के लिए बने रक्षा विहार की बदहाली

### बी डी ए ऑफिस पहुंच कर दिया ज्ञापन




**भोपाल।** 35 वर्ष पूर्व मध्य प्रदेश प्रशासन के आदेश पर बीडीए ?द्वारा सैनिकी और भूतपूर्व सैनिकों के लिए बनाए गए रक्षा विहार में आज तक मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं है। ज्यादातर सड़कें टूटी हुई हैं, जिनका डामरीकरण भी नहीं किया गया है। सीवेज लाइन भी जीर्ण हालत में हैं और जगह जगह सीवेज का गंदा पानी भूखंडों पर भरा हुआ है, और भूजल को दूषित कर रहा है। कई घरी में पानी की लाइन ही नहीं है, और जहां लाइन है वहां भी लोकल बोरवेल का पानी ही दो दिन में एक बार प्रदाय किया जा रहा है, नर्मदा जल या तालाब का पानी लाने की कोई योजना भी नहीं है। बिजली प्रदाय अनियमित है व रोज ही वोल्टेज फलकचुएशंस होते रहते हैं जिसके कारण रहवासियों के बिजली उपकरण खराब होते रहते हैं। वर्षा जल के निकाय हेतु नालियां तो आज तक बनाई ही नहीं गई हैं। रक्षा विहार की स्थिति आसपास के ग्रामों से भी बदतर है। रक्षा विहा को नगर निगम को सौंपने के लिए आज तक कोई प्रयास ही नहीं किया गया है, हालांकि आसपास के कुछ क्षेत्र नगर निगम के अंतर्गत आ चुके हैं।

ताजुब्ब ये है कि इस कॉलोनी का विकास, मध्य प्रदेश शासन के आदेश पर बीडीए ने 35 साल पहले शुरू किया था जो आज तक पूरा नहीं हो पाया है और सभी आवंटी भूखंडों के लिए पूरा-पूरा भुगतान कर चुके हैं। उसके ऊपर, जिन भूखंडों पर मकान नहीं बने हैं उनके स्वामियों से बीडीए पेनल्टी भी लेता रहता है। केवल इसलिए कि ये सैनिक एवं भूतपूर्व सैनिक हमेशा अपनी तकलीफों को अनुशासित एवं सभ्य तरीके से बीडीए एवं प्रशासन को बताते आए हैं, किसी ने इनकी सुध लेने की चिंता नहीं की है। अब शायद इन्हें भी अपनी तकलीफों का हल पाने के लिए रक्षा विहार की दुखद स्थिति को प्रदेश के मुख्य मंत्री जी व देश के प्रधान जी के संज्ञान में लाना होगा।

## कायस्थम द्वारा सम्मानित 7 साल के भव्य सक्सेना ने आल इंडिया जिम्नास्टिक चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता

**भोपाल।** भोपाल के 7 साल के भव्य कुमार सक्सेना ने पिछले दिनों उत्तराखंड में आयोजित ऑल इंडिया जिम्नास्टिक चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता है। यह वही बालक है जिसका कायस्थ समाज की अग्रणी संस्था कायस्थम ने विगत 17 जनवरी को भव्य समारोह में खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया था। सम्मान के पहले भी वह अनेक मेडल जीत चुका था । भोपाल निवासी अमित एवं पूर्वी सक्सेना के पुत्र भव्य कुमार ने इसके पूर्व राष्ट्रीय स्तर पर तेलांगना जिम्नास्टिक एसोसियेशन द्वारा वर्ष 2024 में आयोजित जिम क्यूइन प्रतियोगिता में जिम्नास्टिक लेवल - 1 के फ्लोर एक्सरसाइज में गोल्ड , पोमेल होर्श में सिल्वर, स्टील रिंग्स में ब्रांज,टेबल वोल्ट में सिल्वर, पैरालेल बार्स में सिल्वर एवं होरिजेंटल बार्स में गोल्ड मेडल जीते हैं ।



## जंगली हाथियों के प्रबंधन के लिए 47 करोड़ से अधिक की योजना की स्वीकृति



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में सम्पन्न हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा प्रदेश में मानव-हाथी द्वंद को कम करने और जंगली हाथियों के प्रबंधन के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 और वर्ष 2026-27 अर्थात आगामी 2 वर्षों सहित कुल 4 वर्षों (वर्ष 2023-24 से 2026-27 तक) के लिए राशि 47 करोड़ 11 लाख 69 हजार रुपये की योजना क्रमांक 9854 की सैद्धांतिक स्वीकृति दी गयी है। योजना अंतर्गत हाथियों की सुरक्षा एवं अनुश्रवण के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं वर्ष 2024-25 में कुल राशि रूपये एक करोड़ 52 लाख 54 हजार रूपये व्यय की गयी है। निर्णय अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में योजना में राशि 20 करोड़ रूपये और वर्ष 2026-27 में 25 करोड़ 59 लाख 15 हजार रूपये का प्रावधान किया गया। इस तरह आगामी 2 वर्षों सहित कुल 4 वर्षों (वर्ष 2023-24 से 2026-27 तक) के लिए योजना का आकार राशि 47 करोड़ 11 लाख 69 हजार रुपये निर्धारित किया गया है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के ऐसे संरक्षित क्षेत्र जहाँ हाथियों का आवागमन या उपस्थिति है उनमें एवं संरक्षित क्षेत्रों के बाहर जंगली हाथियों की सुरक्षा एवं अनुश्रवण, रहवास प्रबंधन तथा विकास के लिए योजना बनाई गयी है। जंगली हाथियों की निगरानी के लिए कंट्रोल रूम, वन्यजीव मानव द्वंद को रोकने के लिए विभिन्न संरचनाएं बनाई जाएंगी। ई-आई सर्विलेंस की स्थापना और संचालन किया जाएगा। वन्य-प्राणियों के रेस्क्यू और पुनर्वास के लिए कार्य किया जाएगा।योजना अंतर्गत प्रभावित क्षेत्रों में मानव-हाथी द्वंद से निपटने के लिए ग्रामीणों, वन विभाग और अन्य विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। विभिन्न प्रकार की फेसिंग कार्य किया जाएगा, जिसमें सोलर फेंसिंग भी शामिल है। मानव-हाथी द्वंद के लिए रैपिड रिस्पांस टीम का गठन किया जाएगा और आवश्यक उपकरण क्रय किए जाएंगे। निगरानी और ट्रेकिंग कार्य के लिए पेट्रोलिंग वाहन और रेडियो कॉलर क्रय किए जाएंगे। साथ ही हाथी मित्र दल का गठन किया जाएगा।

## यूजीसी 30 सालों में भी नहीं जान सका मप्र की इस यूनिवर्सिटी का राज




**भोपाल।** देश में ज्यादातर विश्वविद्यालय केंद्र या राज्य सरकार के अधीन रहकर सरकारी नियम-कायदों से चलते हैं,लेकिन मप्र का महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय कुछ अलग है। इसके अपने नियम-कानून हैं। विश्वविद्यालय निजी है या राज्य सरकार के अधीन,यह रहस्य बीते 30सालों में देश के विश्वविद्यालयों को नियंत्रित करने वाला यूजीसी भी नहीं जान सका। राहतगढ़,सागर निवासी शरद कुमार भारद्वाज ने साल 2012 में महर्षि महेश योग वैदिक विश्वविद्यालय सागर से कम्प्यूटर साइंस में एमएससी की उपाधि ली। विश्वविद्यालय के कार्यकलापों को लेकर कुछ शक सुबहा हुआ तो उन्होंने यूजीसी यानी विश्वविधालय अनुदान आयोग से आरटीआई में जानकारी ली। आयोग ने सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश का हवाला देते हुए बताया कि यूजीसी की अनुमति बिना विश्वविद्यालय को अपने मुख्य परिसर के अलावा कहीं और सेंटर चलाने की अनुम?ति नहीं है। वह किसी को फ्रेंचायजी भी नहीं दे सकता। विश्वविद्यालय का मुख्यालय कटनी जिले के करौंदी में है। आयोग के जवाब ने शरद की चिंता बढ़ा दी। उन्होंने विश्वविद्यालय से इसका खुलासा करने को कहा। विश्वविद्यालय ने पहले तो स्वयं को आरटीआई के दायरे से बाहर बताकर जानकारी देने से इंकार कर दिया। फिर कुछ सोचा होगा तो शरद से शुल्क भी मांगा और अपीलीय सुनवाई कर फेसले को दोहरा दिया। राज्यपाल से शिकायत कर मांगा न्यायः विश्वविद्यालय के इस दोहरे बर्ताव को लेकर शरद ने राज्यपाल समेत अन्य जिम्मेदारों को शिकायत कर विश्वविद्यालय की वास्तविक स्थिति का खुलासा करने का आग्रह किया। शरद ने अपनी शिकायत में कहा-उक्त विश्वविद्यालय के? डिप्लोमा,सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम यदि यूजीसी द्वारा मान्य नहीं हैं।

### विवि मुख्यालय के दोहरे पते को लेकर सवाल

साल 2022 में आयोग ने एक बार फिर विश्वविद्यालय को लेकर राज्य सरकार से सवाल-जवाब किए। 12अप्रैल 2022 को भेजे गए पत्र में आयोग ने पूछा-विश्वविद्यालय मुख्यालय को लेकर दो एड्रेस प्रदर्शित हैं।संस्थान की वेबसाइट प्रशासनिक मुख्यालय लामटी,विजयनगर,जबलपुर दिखा रही है,जबकि दस्तावेजों में विश्वविद्यालय का मुख्यालय, करौंदी जिला कटनी बताया गया है। सरकार में बैठे उपकृत अधिकारी इसका खुलासा कैसे करते ! लिहाजा इसका भी जवाब आयोग को आज तक नहीं मिला।

### सरकार ने कभी जारी नहीं की अधिसूचना

महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय को प्रदेश का पहली निजी यूनिवर्सिटी माना जाता है। 90 के दशक में निजी विवि के लिए नियमों में कोई प्रावधान भी नही था। तब तत्कालीन उच्च शिक्षा मंत्री मुकेश नायक की पहल पर दिग्विजय सरकार वर्ष 1995 में पृथक अधिनियम लाई।

## पंचायत मंत्री पटेल ने विभागीय कार्यों की समीक्षा की



**भोपाल।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान में कार्यों की सतत मॉनिटरिंग करें। नदियों के स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए विशेष कार्य करें। मंत्री पटेल ने मंगलवार को विभागीय अधिकारियों के साथ योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में भारत सरकार से संबंधित बिंदुओं पर समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रमुख सचिव श्रीमती दीपाली रस्तोगी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। मंत्री पटेल ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण योजना के प्रगतिरत कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि स्वीकृत आवासों का निर्माण कार्य समय- सीमा में पूर्ण करें। उन्होंने आवास प्लस सर्वे के संबंध में जानकारी ली और निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रधानमन्त्री ग्रामीण सड़क योजना में बनने वाली अंतर्राज्यीय और अन्तर्जिला सड़कों को बनाने में विशेष परिस्थितियों का आंकलन कर कार्य-योजना तैयार करें। सड़कें बनाने का कार्य गुणवत्तापूर्ण हो। बारिश के मौसम को देखते हुए सड़कों के मरम्मत का कार्य भी किया जाए, जिससे ग्रामीणजनों को असुविधा का सामना न करना पड़े। मंत्री पटेल ने कहा कि मनरेगा में मजदूरी का भुगतान समय पर किया जाए। उन्होंने कहा कि मनरेगा में किए जा रहे कार्यों की सूक्ष्मता से मॉनिटरिंग करें। मंत्री पटेल ने पंचायत भवन एवं सामुदायिक भवन निर्माण, मुख्यमंत्री मजरा टोला योजना आदि विषयों पर जानकारी प्राप्त की एवं आवश्यक निर्देश दिए।।

## हत्या के मामले में आरोपी महिलाएं संगीता और राधिका गोंड कोर्ट से दोषमुक्त

**भोपाल।** जिला एवं सत्र न्यायालय ने हत्या के एक चर्चित मामले में बड़ा फैसला सुनाते हुए आरोपी संगीता गोंड और राधिका गोंड को दोषमुक्त घोषित कर दिया है। यह फैसला जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री मनोज कुमार श्रीवास्तव द्वारा सुनाया गया। आरोपी महिलाओं की ओर से अधिवक्ता निखिल शर्मा ने पैरवी की थी। यह मामला सुखीसेवनिया थाना क्षेत्र में वर्ष 2022 में दर्ज किया गया था। पुलिस ने अपराध क्रमांक 140/2022 के तहत धारा 302 (हत्या), 34 (सामूहिक अपराध) और 201 (सबूत मिटाने की कोशिश) में प्रकरण पंजीबद्ध किया था। यह घटना 21 मार्च 2022 की बताई गई थी। मामले के अनुसार, मृतक सूरज गौर ने आरोपी महिला का नहाते हुए वीडियो बना लिया था और उसे शारीरिक संबंध बनाने के लिए ब्लैकमेल करने लगा था। इस मानसिक प्रताड़ना के चलते दोनों महिलाएं आरोपी बनाई गई थीं। पुलिस ने प्राथमिक जांच के बाद उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मगर अब न्यायालय ने दोनों महिलाओं को पर्याप्त सबूतों के अभाव में निर्दोष माना और दोषमुक्त करार दिया। कोर्ट ने माना कि मामले में प्रारंभिक जांच की खामियां और अपर्याप्त साक्ष्य के चलते आरोपी महिलाओं को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। यह फैसला न केवल आरोपी महिलाओं के लिए राहत भरा रहा, बल्कि यह ब्लैकमेलिंग और महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों में एक संवेदनशील दृष्टिकोण को भी दर्शाता है।

### राष्ट्रीय शालीनता दिवस

## योग का प्रथम चरण है संतों का सत्संग और सद्ग्रंथों का स्वाध्याय : योग गुरु महेश अग्रवाल



**भोपाल।** आदर्श योग आध्यात्मिक केंद्र स्वर्ण जयंती पार्क कोलार रोड़ भोपाल के योग गुरु महेश अग्रवाल नें बताया कि कई वर्षो से नि:शुल्क योग प्रशिक्षण देते हुए योग साधकों को बताया जाता हैं कि योग अभ्यास, ध्यान और प्राणायाम से हम न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार कर सकते हैं, बल्कि यह हमें समाज और परिवार में विनम्र और शालीन तरीके से जुड़ने में भी मदद कर सकते हैं। योग अभ्यास से शालीनता और विनम्रता आती हैं ।

योग में, हम अपने शरीर और मन को नियंत्रित करना सीखते हैं, जिससे हमें जीवन में अधिक विनम्र और शालीन बनने में मदद मिलती है । योग में, हम अपनी सांस पर ध्यान केंद्रित करते हैं और अपनी इंद्रियों को शांत करते हैं । यह हमें जीवन में अधिक एकाग्र और शांत रहने में मदद करता है, जिससे हम अधिक विनम्र और शालीन बन सकते हैं। योग हमें अपने शरीर और मन के बारे में अधिक जागरूक करता है। यह हमें अपनी सीमाओं और कमजोरियों को समझने में मदद करता है, जिससे हम अधिक विनम्र और शालीन बन सकते हैं। योग हमें दूसरों के प्रति अधिक सहनशील और दयालु बनने में मदद करता है। हम अपनी सांसों को नियंत्रित करने और अपने मन को शांत करने के अभ्यास से सीखते हैं कि हमें दूसरों के साथ धैर्य और दया से व्यवहार करना चाहिए। योग हमें अपने विचारों और भावनाओं को नियंत्रित करना सिखाता है। यह हमें अधिक शालीन और विनम्र बनने में मदद करता है, क्योंकि हम अपनी भावनाओं को नियंत्रित करके दूसरों के साथ बेहतर व्यवहार कर सकते हैं। योग करने से शरीर में लचीलापन बढ़ता है और मांसपेशियां मजबूत होती हैं। यह वजन कम करने और बीमारियों से बचने में भी मदद करता है। योग करने से तनाव कम होता है, ध्यान बढ़ता है और मन शांत होता है । यह हमें बेहतर ढंग से सोचने और निर्णय लेने में मदद करता है।

## बजट की कमी नहीं, समयबद्ध क्रियान्वयन को दें प्राथमिकताः शुक्ल



**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य अधोसंरचना के सतत विकास के लिये पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार के पास संसाधनों की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता केवल इस बात की है कि उपलब्ध बजट का समय पर और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की गति तेज करते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। मंत्रालय में आयोजित स्वास्थ्य विभाग की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने पूंजीगत बजट की योजना अनुसार प्रगति, निर्माण कार्यों की भौतिक स्थिति, उपकरणों की खरीदी और एजेंसीवार कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि विभागीय अधिकारियों की यह ज़िम्मेदारी है कि राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा प्रदत्त बजट का अधिकतम उपयोग कर सेवाओं को सुदृढ़ किया जाए। बैठक में परियोजना संचालक नीरज कुमार सिंह सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कार्यों की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि पीआईयू, बीडीसी और बी एंड आर सहित सभी कार्यान्वयन एजेंसियों की मासिक आधार पर भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्यों की नियमित समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि सभी अधोसंरचनात्मक निर्माण कार्यों की सतत निगरानी की जाए तथा एजेंसियों को समय पर सचेत कर कार्यों को गति प्रदान की जाए।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मेडिकल कॉलेजों, नर्सिंग कॉलेजों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और उप-स्वास्थ्य केंद्रों सहित समस्त चिकित्सकीय संस्थानों के निर्माण एवं उन्नयन कार्यों को निर्धारित समय में पूर्ण किया जाए। साथ ही उपकरणों की खरीदी में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। बैठक में मंडला, श्योपुर, राजगढ़ सहित विभिन्न स्थानों पर चल रहे अधोसंरचना विकास कार्यों और पीजी व यूजी पाठ्यक्रमों के लिए उपकरणों की खरीदी की भी गहन समीक्षा की गई। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने स्पष्ट कहा कि कार्य की गुणवत्ता, समयसीमा और बजट उपयोग की त्रिसूत्रीय रणनीति पर कार्य कर प्रदेश को स्वास्थ्य के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाना है।

बैठक में जानकारी दी गई कि 15वें वित्त आयोग की अनुशंसा पर राज्य सरकार द्वारा 430 करोड़ रुपये की राशि स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए स्वीकृत की गई है, जिसका उपयोग अस्पताल एवं औषधालयों के भवन निर्माण में किया जा रहा है। प्रथम तिमाही में पूंजीगत व्यय सीमा को 15 प्रतिशत से अधिक बढ़ाने का प्रस्ताव विचाराधीन है, ताकि निर्माण कार्यों में अपेक्षित गति लाई जा सके। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन (पीएम-अभीम) में 476 करोड़ रुपये और मेडिकल एजुकेशन में सेंट्रली स्पॉन्सर्ड योजनाओं के तहत 365.67 करोड़ रुपये की राशि विभाग के पास उपलब्ध है, जिसके त्वरित उपयोग के उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने निर्देश दिए ताकि केंद्र से आवंटन समय से प्राप्त हो सके। केंद्र प्रवर्तित योजनाओं के अंतर्गत नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना के लिए 400 करोड़ रुपये, पीजी पाठ्यक्रम सुदृढ़ीकरण के लिए 206 करोड़ रुपये, एमबीबीएस सीट वृद्धि के लिए 150 करोड़ रुपये और नवीन नर्सिंग कॉलेजों के निर्माण के लिए 75 करोड़ रुपये की प्रावधानित राशि के उपयोग की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। मंडला, श्योपुर, राजगढ़, बुधनी, छतरपुर, दमोह और सिंगरौली में चल रहे अधोसंरचना कार्यों की समीक्षा करते हुए उप मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि लागत संशोधन, अनुबंध वृद्धि एवं प्रशासनिक स्वीकृति जैसे प्रकरणों में विभाग शीघ्र निर्णय लेकर कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करे। सभी कार्यों की सतत मॉनिटरिंग कर गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

### मप में पोस्ट एमबीबीएस डीएनबी/पीजी डिप्लोमा की 12 नई सीटें एनबीईएमएस द्वारा मान्यता प्राप्त -अब कुल सीटें हुईं 63



उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने राष्ट्रीय बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज़ (एनबीईएमएस), नई दिल्ली द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिला चिकित्सालयों में पोस्ट एमबीबीएस डीएनबी/पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रम की 12 नई सीटों को मान्यता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह पहल प्रदेश में विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि राज्य के सभी जिलों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं आमजन तक सुगमता से पहुंचें। इन नई सीटों से भविष्य में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी को दूर करने में मदद मिलेगी और ग्रामीण तथा दूरस्थ अंचलों में भी गुणवत्तापूर्ण उपचार सुलभ हो सकेगा।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के समग्र सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। जिला अस्पतालों को चिकित्सा शिक्षा के प्रशिक्षण केंद्र के रूप में सशक्त किया जा रहा है, जिससे न केवल युवा चिकित्सकों को अवसर मिलेगा, बल्कि अस्पतालों में सेवाओं की गुणवत्ता भी सुदृढ़ होगी। उन्होंने कहा कि यह मान्यता राज्य सरकार द्वारा जिला अस्पतालों में बुनियादी ढांचे के सशक्तिकरण, मानव संसाधन की नियुक्ति और प्रशिक्षण की निरंतर प्रक्रिया का परिणाम है। सरकार का लक्ष्य है कि भविष्य में प्रत्येक जिला चिकित्सालय एक अत्याधुनिक उपचार और प्रशिक्षण केंद्र के रूप में विकसित हो। उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य क्षेत्र में विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश सरकार को एक और महत्वपूर्ण सफलता मिली है। एनबीईएमएस, नई दिल्ली द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिला चिकित्सालयों में पोस्ट एमबीबीएस डीएनबी/पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रम की 12 नई सीटों को मान्यता प्रदान की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल शिवपुरी में डीजीओ (डिप्लोमा इन गाइनेकोलॉजी एंड ऑब्सटेट्रिक्स) की 4 सीटें एवं डीए (डिप्लोमा इन अनेस्थीसिया) की 2 सीटें, जिला अस्पताल रतलाम में डीओ (डिप्लोमा इन ऑप्थाल्मोलॉजी) की 2 सीटें तथा जिला अस्पताल भोपाल में डीजीओ की 4 नई सीटों को एनबीईएमएस द्वारा मान्यता दी गई है। इस मान्यता के साथ ही प्रदेश में पोस्ट एमबीबीएस डीएनबी/पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की कुल सीटों की संख्या बढ़कर 63 हो गई है।

## संपादकीय

# ऑपरेशन सिंदूर, आतंकवाद पर वार जारी, रणनीति बदली है

भारत-पाक संघर्ष विराम के बाद प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कर दिया कि आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति में कोई बदलाव नहीं आया है। आतंकवाद और बातचीत या व्यापार साथ-साथ नहीं चल सकते। सैन्य संघर्ष फिलहाल स्थगित किया गया है, वह समाप्त नहीं हुआ है। ऑपरेशन सिंदूर अब भारत की नई नीति है। इससे पहले तीनों सेनाओं के प्रमुखों ने संयुक्त रूप से बयान जारी किया था कि संघर्ष विराम अस्थायी है, सेना नए अभियान के लिए तैयार है। फिर राष्ट्र के नाम संबोधन के अगले दिन प्रधानमंत्री आदमपुर वायुसेना अड्डे पर सैनिकों से मिलने गए और वहां भी यही संकेत दिया कि आतंकवाद के खिलाफ भारत की रणनीति यथावत है। इस तरह अचानक किए गए संघर्ष विराम के फैसले को लेकर पिछले दो-तीन दिनों से जो अटकलें लगाई और सवाल उठाए जा रहे थे, उन पर विराम लग जाना चाहिए। सेना बार-बार कहती रही है कि उसका सैन्य अभियान आतंकवाद के खिलाफ था। अब भी प्रधानमंत्री ने वही बात दोहराई है कि आतंकवाद को नेस्तनाबूद करना ही हमारा असल मकसद है।पहलगाम हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने पाकिस्तान स्थित नौ आतंकी ठिकानों पर लक्षित हमले किए थे। इसके साथ ही सरकार ने सप्रमाण दुनिया भर को बता दिया था कि उसका मकसद पाकिस्तान पर नहीं, बल्कि वहां चल रहे आतंकी संगठनों पर हमला करना था। मगर पाकिस्तान ने उसके जवाब में भारतीय सीमा के नागरिक ठिकानों पर गोलाबारी शुरू कर दी थी, जिसका जवाब देना जरूरी हो गया था। ऐसे में स्थिति लगातार संघर्ष के बढ़ते जाने की बन गई थी। संघर्ष किस हद तक पहुंच जाता, कहना मुश्किल है। इसलिए सैन्य संघर्ष पर विराम और आतंकवाद के खिलाफ नई रणनीति बनाना जरूरी था। भारत शुरू से कहता रहा है कि युद्ध किसी समस्या का समाधान नहीं हो सकता। फिर, उसका जोर अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और दुनिया की शीर्ष शक्तिशाली अर्थव्यवस्थाओं में शुमार होने पर है। ऐसे में पाकिस्तान के साथ लंबे समय तक सैन्य संघर्ष में उलझे रहना कोई समझदारी की बात नहीं होती। फिर, जिस तरह के वैश्विक समीकरण बने हैं, उसमें यह संघर्ष केवल दो देशों तक सीमित रह पाता, यह कहना भी मुश्किल था।

# लोकहित ही पत्रकारिता का नारदीय सूत्र



**जयराम शुक्ल**

मनुष्य चाहे दुर्जन हो या सज्जन, सत्य हमेशा उसकी आँखों में भटकटैया की भाँति गड़ता है। स्तुति देवताओं को भी पसंद थी और दानवों को भी। यहां नेता भी स्तुतिजीवी है और खलनेता भी। इसलिए वहां देवर्षि नारद देव-दानवों को खटकते थे और यहां पत्रकार किसी को नहीं सुहाता। वैसे भी पत्रकार देवर्षि नारद के ही वंशज समझे जाते हैं।

पंडित जुगुलकिशोर शुक्ल ने कोलकाता( तब कलकत्ता ) से हिंदी का पहला अखबार %उदन्त मार्तण्ड% समाचार पत्र निकलने की सोची तब उन्हें देवर्षि नारद ही ध्यान आए। वह 30 मई 1826 का दिन था और तिथि थी वैशाख कृष्ण पक्ष द्वितीया, यही तिथि नारद जयंती की है।

देवर्षि नारद सृष्टि के प्रथम लोक संचारक हैं। वेद-पुराण, श्रुति-स्मृति ग्रंथ की कहानियां, दृष्टांत और उसके संदर्भ बिना नारदजी के संवादों, कथोपकथनों के बिना अधूरे हैं। नारद त्रैलोक्यजयी हैं, कहीं किसी की कभी हिम्मत नहीं पड़ी कि इनका रास्ता रोक लें।

नारदजी सर्वगुण संपन्न थे। भक्तियोग, वेदांत सूत्र के संपादक तो थे ही भाषा, विज्ञान, ज्योतिष, संगीत, व्याकरण और सबसे बड़ा संचार कौशल का गुण था। यह उनके संचार कौशल का ही परिणाम था कि कंस को अपने भांजे-भांजियों का वध करने के लिए समझा आए। हिरण्यकशिपु के अहंकार को जगाकर उसे विष्णु भक्त पुत्र प्रहलाद का ही दुश्मन बना दिया। लोक ने नारद के इस कृत्य को अच्छे से नहीं लिया जबकि वस्तुतः उनका यह प्रयोजन व्यापक लोककल्याण के लिए ही था। उनका लक्ष्य था ऐनकेनप्रकारेण आसुरी शक्तियों का विनाश।

नारदजी को लोक में उल्टा-पुल्टा रचने के लिए जाना जाता है। इसे हम आज की पत्रकारिता का नवाचार भी कह सकते हैं। वे त्रिकालदर्शी थे किसी के भीतर की झांक लेते थे। दस्युवृत्ति कर रहे वाल्मीकि के भीतर उन्होंने आदिकवि का रूप देखा। उनके ऋषित्व को बाहर ला दिया। वाल्मीकि को नारद ने ही प्रथमतः रामकथा सुनाई और इसे छंदबद्ध करने की सलाह दी। महर्षि वाल्मीकि रामकथा की वजह से अमर हो गए। उनमें ईश्वरीय अंश देखा जाने लगा। इसी तरह वेदव्यास को श्रीमद्भागवत कथा लिखने के लिए प्रेरित किया।



महर्षि वेदव्यास ने जब महाभारत लिखकर निवृत्त हुए तो उसको लेकर जो प्रतिक्रियाएं आईं उससे वे बहुत आहत हुए। महाभारत ने कृष्ण के ईश्वरत्व का राजनीतीकरण कर दिया इसलिए लोकमानस में कृष्ण की भगवान के रूप में छवि मलिन होने लगी। व्यास जी के इस अंतरद्वंद से देवर्षि नारद ने ही निकाला।

उन्होंने भक्ति के सूत्र देते हुए व्यास जी को प्रेरित किया कि वे अब श्रीमद्भागवत पुराण लिखें।

जहां महाभारत को पूजाघर,क्या घर के पुस्तकालय में ही जगह मिलनी मुश्किल हो गई वहीं श्रीमद्भागवत को ही दैवीय दृष्टि से पूजा जाने लगा। इस तरह रामायण और श्रीमद्भागवत जैसे मोक्षदायी ग्रंथों के पीछे देवर्षि की ही प्रेरणा है। महाभारत को आज भी लोकमानस में एक कलहकारी ग्रंथ माना जाता है और वह पूजा-पाठ का हिस्सा नहीं बन पाया। जबकि श्रीमद्भगवद्गीता, विष्णुसहस्रनाम, भीष्म व विदुर का नीति शास्त्र व और बहुत से पवित्र प्रसंग महाभारत के ही हिस्से है।

देवर्षि नारद ने संवादों में समावेशी सत्य और विश्वसनीयता की प्राणप्रतिष्ठा की। सत्य और उसकी विश्वसनीयता ही पत्रकार और पत्रकारिता की प्रथम और अंतिम निधि है। जिस दिन यह हाथ से गई समझिए मुट्ठी से सिर्फ राख ही झड़ेगी।

देवर्षि नारद ब्रह्मा के पुत्र थे और भगवान विष्णु के परमभक्त। खड़ताल की धुन पर उनकी वीणा से सदैव ..श्रीमन्नारायण. श्रीमन्नारायण हरि..हरि की ध्वनि निकलती थी। यही शब्दरसायन हनुमानजी के पास था। हनुमानजी भी नारद की ही परंपरा के लोक संचारक थे।

एक बात और.. भक्तशिरोमणि, परमग्यानी, संवाद कुशल, संगीत साधक, और प्रजापति ब्रह्मा का पुत्र होने के बावजूद भी लोक ने नारदजी को पूज्यनीय स्थान नहीं दिया। पूजापाठ.. यज्ञ याग में नारदजी कहीं नहीं मिलते। न मंदिर में इनकी मूर्ति न इनकी स्तुति। जबकि ये देवताओं से भी एक बित्ता ऊपर देवर्षि हैं। और तो और कोई अपने पुत्र का नाम भी नारद रखने के बारे में नहीं सोचता। ऐसा क्यों..! ऐसा इसलिए कि सत्य सभी की आँखों में भटकटैया की तरह गड़ता है। इसी सत्यान्वेषण के चलते ऋषि कहोड़ ने अपने ही पुत्र को अंगभंगीय विद्रूपता का शाप दे दिया जो महान तथ्यान्वेषी दार्शनिक अष्टावक्र के नाम से जाने गए। ये विषयांतर नहीं..दृष्टांतर है।

यह भी कम दिलचस्प नहीं कि 2018 में मध्यप्रदेश में मुद्दतों बाद जब अल्पकाल के लिए कांग्रेस की सरकार आई। उसके एजेंडा में नारदजी ही सबसे ऊपर रहे। क्योंकि म्लेच्छ संस्कृति में पत्रकारिता में नारद की स्थापना क्षम्य नहीं। सो कांग्रेस सरकार आई तो सबसे पहले एक यही %पुण्यकर्म% किया कि माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय से नारदजी को निर्वासित करने का आदेश जारी किया।

पुस्तकालयों में जहां जहां भी नारदजी से संदर्भित पुस्तकें, तस्वीरें थी उनको हटवा दिया। सरकार बदलते ही सूत्र बदल जाते हैं। विश्वविद्यालय के नए उत्साही कुलपति का नजला पहले दिन नारदजी व माता सरस्वती पर गिरा। पहले विवि. के प्रवेशद्वार पर लिखे नारदजी के संचार सूत्रों को पुतवाया फिर प्रवेश किया। इस घटनाक्रम से हमने जाना कि सरकारों के बदल जाने से हमारे सरोकार भी बदल जाते हैं पत्रकारिता की पढ़ाई में जनसंचार के उद्भव व विकास की थ्योरी में नारदजी का उल्लेख आता है। भरतमुनि समेत और भी कई ऋषि हैं जिन्होंने पौराणिक साहित्य रचा है उनका उल्लेख आता है।

जीवविज्ञान में जीव के उद्भव व विकास में भारतीय वैदिक अवधारणा के बारे पश्चिम के वैज्ञानिकों ने अपनी पुस्तकों में लिखा है। मुझे याद है एमएससी में दशावतार की थ्योरी पढ़ाई गई थी। अंडज, योनिज, भूमिज, जलज, स्वेदज यह जीव के विकास की वैदिक अवधारणा रही है।

यह थ्योरी कैंब्रिज, हार्वर्ड में पढ़ाई जाती है और मैचेसुएट के इंस्टीट्यूट में भी। जर्मनी में वेदविज्ञान एक संकाय ही है। वेदों पर मैक्समूलर ने जितना शोध किया, नए शोधार्थी उसे आगे बढ़ा रहे हैं। पुस्तकालयों और दीवारों पर लिखे वेदवाक्यों को हटाने मिटाने से..ये देवी देवता नहीं हटे मिटेंगे। इससे बस हमारी वैचारिक दरिद्रता को सामने आती है। बहरहाल आज जब हम देवर्षि नारद का स्मरण कर रहे हैं तो हमें यह भी स्मरण करना चाहिए कि जनसंचार का उपयोग व्यापक लोकहित में ही होना चाहिए। यश, सम्मान, प्रतिष्ठा, पुरस्कारों से हमारा वैसे ही छत्तीस का आँकड़ा होना चाहिए जैसे कि देवर्षि नारद का था।

# जब किसी को रास्ता दिखाने वाला मिल जाए, तो मंज़िल दूर नहीं रहती

### धीरज दुबे एक किसान परिवार से निकलकर हजारों लोगों की उम्मीद बने

भोपाल के धीरज दुबे एक साधारण किसान परिवार से आते हैं, लेकिन उनका सोचने का तरीका असाधारण है।उन्होंने बहुत करीब से देखा कि ग्रामीण भारत में मेहनती लोगों की कोई कमी नहीं, कमी है तो जानकारी, दिशा और भरोसेमंद मार्गदर्शन की।



यही सोच उन्हें बाकी लोगों से अलग बनाती है। धीरज ने तय किया कि वे उन सभी का हाथ पकड़ेंगे जो कुछ करना तो चाहते हैं, लेकिन 'कहाँ से शुरू करें', ये नहीं जानते।

सरकारी योजनाएं हों, बैंक लोन की प्रक्रियाएं हों या बिज़नेस की शुरुआत—धीरज ने इन सभी जटिलताओं को खुद सीखा, समझा और फिर दूसरों के लिए आसान बनाया। आज वे गाँव-गाँव जाकर न केवल योजनाओं की जानकारी देते हैं, बल्कि युवाओं, किसानों और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रशिक्षित भी करते हैं।

एक ऐसा प्रोफेशनल, जो सिर्फ फाइलों में नहीं रहता

धीरज दुबे ने खुद की एक प्रोफेशनल टीम खड़ी की है, जिसमें चार्टर्ड अकाउंटेंट , कॉस्ट अकाउंटेंट और कंपनी सेक्रेटरी जैसे विशेषज्ञ हैं। लेकिन यह टीम किसी बड़े कॉर्पोरेट के लिए नहीं, बल्कि गाँव के छोटे उद्यमियों, बेरोज़गार युवाओं और महिला स्व-सहायता समूहों के लिए काम करती है।

**उनके नेतृत्व में:** 100 से ज़्यादा फूड प्रोसेसिंग यूनिट्स स्थापित हुईं 150+ पशुपालन इकाइयाँ ग्रामीण क्षेत्रों में शुरू हुईं सैकड़ों युवाओं ने स्टार्टअप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया, PMEGP जैसी योजनाओं में अपना व्यवसाय शुरू किया 'प्रगति साथी' सिर्फ एक नाम नहीं, धीरज की सोच है

धीरज ने 'प्रगति साथी' नाम से जो पहल शुरू की, वह आज एक भरोसे का नाम बन चुका है। वे खुद लोगों से मिलते हैं, पंचायतों में बैठते हैं, ज़मीन पर उतरकर हर समस्या को समझते हैं और हल भी बताते हैं।

अगर आपके पास एक सपना है, तो उसे पूरा करने का रास्ता हम खोज लेंगे धीरज का मानना है कि हर व्यक्ति में कुछ खास होता है, ज़रूरत सिर्फ एक सही साथी की है जो उस पर यकीन करे। यही वजह है कि आज वे कई युवाओं और महिलाओं के लिए सिर्फ एक सलाहकार नहीं, बल्कि एक प्रेरणा बन चुके हैं। उनकी कोशिशों से आज गाँवों की महिलाएं अचार-पापड़ बेचने से आगे बढ़कर खुद के ब्रांड खड़े कर रही हैं। किसान नई तकनीकों से जुड़ रहे हैं। और युवा—नौकरी मांगने के बजाय अब दूसरों को रोज़गार दे रहे हैं।

**धीरज का मानना है** — अगर आपके पास एक आइडिया है, तो ज़िम्मेदारी हमारी है। यही सोच उन्हें एक सलाहकार से बढ़कर एक सच्चा साथी बनाती है।

# आतंक के युग के खात्मे का शंखनाद

**राकेश शर्मा**

सोमवार की शाम प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तानी आतंक, आतंकवादियों और आतंकी सरकार को चुभने वाला ऐसा संदेश दे दिया जिसने पाकिस्तान में ही हड़कंप नहीं मचा दिया बल्कि पूरे विश्व को चेता दिया कि भारत का आतंक के खिलाफ ऑपरेशन ÷सिंदूर÷ आतंक के खात्मे तक जारी रहेगा।

प्रधानमंत्री के उद्बोधन के एक एक शब्द का ध्यान से विश्लेषण करें तो हमें ज्ञात होगा की प्रधानमंत्री मोदी शत्रु से लड़ने के आचार्य चाणक्य के सातों सूत्रों (साम , धाम, दंड, भेद, उपेक्षा, माया और इंद्रजाल) का प्रयोग बखूबी कर रहें हैं। जिसे पाकिस्तान , अमेरिका और बाक़ी दुनिया युद्धविराम मान रही है मैं तो इसे युद्ध का अल्प विराम भी नहीं मान रहा क्यूंकि यह युद्ध और ऑपरेशन ÷सिंदूर÷ वापस नहीं लिया गया है।

वैसे भी यदि ऑपरेशन सिंदूर के घटनाक्रम का अवलोकन करें तो 22 अप्रैल को पहलगाम में निहत्थे हिंदुओं पर पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों ने हमला कर 27 लोगों की बर्बरता से निर्मम हत्या कर दी थी। इसके बाद पूरा भारत और विश्व रोष से भर गया था। प्रधानमंत्री मोदी सऊदी अरब की सरकारी यात्रा मध्य में छोड़ भारत लौट आये थे।

अगले दिन सुबह सीसीएस (कैबिनेट कमेटी ऑफ़ सिक्योरिटी) ने मीटिंग के बाद इस आतंकी हमले का बदला लेने के कुछ एलान किए थे जिसमें प्रमुख थे सेना को पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने के लिए खुली छूट, सिंधु जल समझौते का स्थगन, अटारी और वागा बॉर्डर बंद करना, सभी पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजना, किसी भी प्रकार का व्यापारिक संबंध ना रखना, बंदरगाह पर पाक आवाजाही बंद करना, डाक सेवा बंद करना , पाक हाई कमीशन के कर्मचारियों की संख्या तीस तक सीमित करना और सभी पाकिस्तानी रक्षा कर्मचारियों का वापस जाने का निर्देश, पाकिस्तान के लिए एयर स्पेस बंद करना इत्यादि शामिल हैं।

अब जरा सोचों इस युद्ध विराम में या अल्पविराम से किस चीज़ में पाकिस्तान को छूट मिली है। ऑपरेशन सिंदूर जारी है, प्रधानमंत्री ने कह दिया है की गोली का जवाब गोले से देंगे, डीजीएमओ ने कह दिया है की एक भी गोली पाक की तरफ़ से चली या आतंकवादी घटना हुई तो इसे युद्ध मानेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने जब कल कहा की पाक से अब सिर्फ आतंक और पीओके पर ही चर्चा होगी और किसी विषय पर नहीं तो साफ़ हो गया की बाक़ी सारे प्रतिबंध ऐसे ही जारी रहेंगे। कूटनीति में तो आतंक के विषय पर पाकिस्तान को विश्व में अलग थलग कर ही चुके हैं और अब पाकिस्तान के आतंक का सरगना होने के सारे सबूत लेकर एक भारतीय टीम यूएनएससी भी जा रही है जहाँ पाकिस्तान को आतंक की जननी देश के रूप में नंगा किया जाएगा। बाक़ी सारे प्रतिबंध पाकिस्तान का आर्थिक और सामरिक दृष्टि से गला दबायेंगे जिसके प्रभाव से पाकिस्तान शीघ्र ही दहाड़ मार मार कर रोने वाला है। अब आया हैं ऊँट पहाड़ के नीचे वाली कहावत चरितार्थ होगी।

कल का प्रधानमंत्री का उद्बोधन अद्वितीय और आतंक के ख़िलाफ़ जंग का ऐसा ऐलान था जिसे आजतक विश्व का कोई नेता नहीं कह सका। पाकिस्तान सहित अंकल शैम जो बड़ी बड़ी डींगे हांक रहा था उन्हें ऐसा जवाब दिया है की लगता है दोनों हो देश इस झन्नाटेदार तमाचे से अभी तक उभरे ही नहीं होंगे, उनके देशों के कूटनीतिज्ञ मोदी के शब्दबाण का आंकलन ही कर रहे होंगे। पाकिस्तान को तो साफ़ शब्दों में कह दिया की की आतंक की किसी भी घटना के लिए सिर्फ़ घटना में शामिल आतंकवादी ही नहीं उनके पाकिस्तान में बैठे आका, आतंकवादी कैम्प, आईएसआई, पाक फ़ौज और पाकिस्तानी सरकार भी जिम्मेवार मानी जाएगी और अब सभी के ख़िलाफ़ कार्यवाही होगी क्यूंकि यह सभी आतंकवाद के जनक और सृर्जनकर्ता, दुनियाभर में आतंकवाद का परोक्ष और अपरोक्ष गैंग चला रहे हैं।

उधर अंकल शैम ने रूस-यूक्रेन और इजरायल-फिलिस्तीन के बीच युद्ध विराम करवाने की असफलता के बाद अपनी दादागिरी स्थापित करने का भारत पाक युद्ध के दौरान एक मौक़ा देखा की वह दुनिया को दिखाए की उसने मध्यस्थता कर भारत पाक के बीच युद्ध विराम करवा दिया। बीते शनिवार को एक अपरिपक्व वक्तव्य समय से पहले दे दिया की हमारी मध्यस्थता से दोनों देश युद्ध विराम के लिए तैयार हो गयें हैं, और कल यह भी कह दिया की यदि युद्ध बंद हो जाएगा तो हम दोनों देशों से व्यापार बढ़ायेंगे, हमने परमाणु युद्ध की तबाही भी रुकवा दी।

कल मोदी जी ने अपने कथित दोस्त डोनाल्ड ट्रम्प की तबीयत से दादागिरी निबटा दी और झूठ का पर्दाफाश कर दिया। मोदी जी ने कहा की युद्ध में पाकिस्तान की बिगड़ती दयनीय स्थति को देखते हुए पाक के डीजीएमओ ने भारत के डीजीएमओ को स्वयं फ़ोन कर सफेद झंडा फहराने का अनुरोध किया जिसे भारत ने स्वीकार किया, इसमें ट्रम्प का नाम या अमेरिका नाम तो कहीं आया ही नहीं , न्यूक्लियर के बारे में भी मोदीजी ने कह दिया कि अब न्यूक्लियर का ब्लैकमेल भारत कभी नहीं सहेगा, और यह भी कह दिया की टेरर, ट्रेड और टॉक एक साथ नहीं चल सकती।

पाकिस्तान हर बात में झूठ बोलता है और इस आतंकवाद पर भारत के भयंकर आक्रमण के दौरान लगातार पाकिस्तानी झूठ बोलते रहे। अपने देश की जनता को खुश करने के लिए उन्होंने यहाँ तक कह दिया कि पाकिस्तान ने हमारे आदमपुर एयर बेस को तबाह कर दिया और एस-400 भी ध्वस्त कर दिया। आज मोदी जो स्वयं आदमपुर एयरबेस पर गए , जवानों से मिले और दुनिया को दिखा दिया की वहाँ सब कुछ ठीक ठाक है।

अंत में यही कहूँगा की मोदी जी ने कल के अपने भाषण के बाद पाकिस्तान को भयभीत कर दिया है और उन्होंने रामचरित मानस के सुंदर कांड की इन पंक्तियों को चरितार्थ कर दिया ÷ विनय न माने न जलधि जड़, गए तीनि दिन बीति। बोले राम सकोप तब भय बिनु होय ना प्रीत।÷ इन पंक्तियों के जरिए उन्होंने पाकिस्तान को चेतावनी दी कि भारत की शांति और संयम को उसकी कमजोरी न समझा जाए। उनके इस कथन ने हर भारतीय के मन में गर्व और आत्मविश्वास जगाया। अब दृढ़ निश्चयी हो लेकिन इस बार सोमवार शाम जो आपने देश को संबोधित करते हुए कहा उसके एक एक शब्द को शब्दशः जीना है , कार्यान्वयन करना है और दुनिया से आतंक का बीजनाश का श्रेय भी आपकी यशगाथा में ही अंकित होना है।

### डा. ढालसिंह बिसेन के 73 वें जन्मदिवस पर

# सेवा समर्पण की राजनीति के गौरव पूर्ण पांच दशक पूर्ण किये डा. बिसेन ने

**संजय सिंह**

सरल, सौम्य और सुलझे हुए व्यक्तित्व के धनी म.प्र.शासन के पूर्व मंत्री एवं पूर्व सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन का आज 73 वां जन्मदिन है। डॉ. बिसेन का जन्म 14 मई 1952 को कल्चुरी राजाओं द्वारा बनाये गये ऐतिहासिक मंदिरों के ग्राम आष्टा से लगे एक छोटे से गांव पिपरिया में प्रतिष्ठित किसान स्व. सेवकराम जी बिसेन एवं स्व. सोनाबाई बिसेन के यहां हुआ था। करीब 22 साल की उम्र में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों से प्रभावित होकर उन्होंने भारतीय जनसंघ (वर्तमान में भाजपा) से अपनी राजनीति की शुरूआत की थी। आज उनकी राजनीति को करीब पांच दशक पूर्ण कर लिये। डॉ. बिसेन की चुनावी यात्रा की शुरूआत वर्ष 1976 में पंच के चुनाव से हुई और इसके 14 वर्ष बाद वर्ष 1990 में बरघाट विधानसभा चुनाव से चुनाव जीतकर प्रदेश की राजनीति में पदार्पण किया। बरघाट विधानसभा से लगातार चार बार विधायक चुने गये। परिसीमन के कारण बरघाट विधानसभा क्षेत्र आरक्षित हो गया जिसके कारण पार्टी द्वारा उन्हें वर्ष 2008 एवं वर्ष 2013 में केवलारी विधानसभा से टिकिट दी गई किंतु दोनों बार भीतरघात के चलते जीत संभव नहीं हो सकी। पार्टी द्वारा उनकी योग्यता और अनुभव का उपयोग वर्ष 2019 में सिवनी बालाघाट संसदीय क्षेत्र की टिकिट देकर किया गया। इस लोकसभा चुनाव में दो लाख से भी अधिक मतों से चुनाव जीतकर उन्होंने इतिहास रच दिया।

डॉ. बिसेन का राजनैतिक सफर काफी लम्बा है। राजनीति के बारे में आम लोगों की यही धारणा होती है कि यह कोयला की कोठरी की भांति होती है, इससे निकलने वाला कुछ न कुछ कालिख लेकर ही बाहर आता है। वर्तमान में लोगों की यह धारणा सौ प्रतिशत सही है किन्तु अपवाद भी होता है। सुचिता की राजनीति को अपना ध्येय बनाकर चलने के कारण ही इतने लम्बे राजनैतिक जीवन में उमा जी की सरकार से लेकर बाबूलाल जी गौर की सरकार में वन, परिवहन, खनिज सहित विभिन्न विभाग के मंत्री और शिवराज सरकार में म.प्र.वित्त आयोग के अध्यक्ष रहने के बावजूद उन पर भ्रष्टाचार का दाग तो दूर एक छींटा भी नहीं लगा। विधायक और सांसद का भी कार्यकाल बेदाग रहा। वन मंत्री रहते हुए उनके द्वारा बनाई गई हरा पत्ता (तेंदूपत्ता) नीति का परिणाम आज सबके सामने है। इस नीति का अनुसरण बाद में छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, कर्नाटक सहित कई प्रदेशों ने किया। इसी तरह शिक्षा मंत्री रहते हुए उन्होंने बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने कन्या सायकिल योजना और यूनिफार्म योजना बनाई जो आज भी भाजपा सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में शामिल है।

जीवन के हर एक मुकाम पर संघर्षशील एवं संवेदनशीलता का परिचय देने वाले डॉ. बिसेन को विकास पुरूष कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी। उन्होंने अपने चार टर्म के विधायक कार्यकाल के दौरान अपनी विधानसभा के लोगों की जरूरतों को जाना और वहां की भौगोलिक परिस्थितियों को समझा और उसके अनुरूप विकास का खांका खींचा। डॉ. बिसेन की दूरर्शिता का ही परिणाम है अक्सर सूखाग्रस्त घोषित रहने वाला समूचा बरघाट ब्लॉक आज धान के अलावा अन्य फसलों का लाभ लेकर फल फल रहा है। कांचना मंडी जलाशय भी डॉ. बिसेन के सोच का नतीजा है जिससे साढ़े तीन हजार हेक्टेयर जमीन सिंचित करने का लक्ष्य के अलावा बरघाट नगर के लिए जलावर्धन योजना के माध्यम से जल संकट का हमेशा के लिए दूर होना हैं। इसी तरह मात्र पांच वर्ष का जिसमें यदि कोरोना काल के दो वर्ष अलग किये जाये तो मात्र तीन वर्ष के कार्यकाल में बतौर सांसद उन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र में केंद्र सरकार की अधोसंरचना विकास योजनाओं को स्वीकृत कराया। सिवनी एवं बालाघाट के रेलवे स्टेशन का भविष्य में दिखने वाला स्वरूप, सिवनी कटंगी रेल लाईन का सर्वे, नागपुर रेलवे क्रासिंग पर निर्माणाधीन ओवर ब्रिज, बालाघाट में निर्माणाधीन ओवर ब्रिज सहित अंडर ब्रिज, फोरलेन सड़के सहित अन्य सड़के एवं केंद्र की योजना अंतर्गत स्वीकृत अन्य विकास कार्य उनके विकास पुरूष होने का प्रमाण दे रहे है।



आज भले ही डॉ. बिसेन किसी पद पर नहीं है किन्तु राजनीति में सक्रिय तौर से बने हुए है। अपने सांसद के कार्यकाल में उन्होंने अधोसंरचना विकास के सिवनी एवं बालाघाट जिले में जो भी काम स्वीकृत कराये थे उन्हें शुरू कराने एवं जो कार्य बजट के या किसी कारणवश पूरे नहीं हो पाये उन्हें पूरा कराने के लिए सतत प्रयासरत है। डॉ. बिसेन का मानना है कि जिस जनता ने उन्हें अपना स्नेह दिया उन पर विश्वास किया तब उनका भी दायित्व बनता है कि वे जन भावनाओं को शिरोधार्य करें और विश्वास पर खरे उतरे। उनका यह भी मानना है कि विकास के लिए किसी पद की नहीं बल्कि सामर्थ्य और योग्यता की जरूरत होती है।

**पासपोर्ट कार्यालय:** सिवनी जिलेवासियों को पासपोर्ट बनवाने के लिये भोपाल के चक्कर लगाना पड़ता था समय भी नष्ट होता था और रूपया भी। वर्ष 2019 में सांसद बनने के बाद डां. बिसेन ने सिवनी मुख्यालय मे पासपोर्ट कार्यालय खुलवाने का प्रयास शुरू कर दिया। नीतिगत निर्णय अनुरूप एक संसदीय क्षेत्र मे एक ही पासपोर्ट कार्यालय खुल सकता था। यहां डॉ. बिसेन के अनुभव और लगन का ही कमाल है कि आज जिले मे पासपोर्ट कार्यालय है और भोपाल की भाग-दौड़ से जिले वासियों को मुक्ति मिल गई है।

**फ्लाई ओवर, ओवर ब्रिज:** अपने सांसद कार्यकाल के प्रारंभिक वर्षो में ही डां. बिसेन ने फोरलेन निर्माण मे आने वाली सारी बाधायें दूर की जिसका परिणाम है एशिया का सबसे बड़ा और सुंदर साउंड एंड लाईट प्रुफ्र फ्लाई ओवर युक्त मार्ग मिला। इसी के साथ सिवनी को खैरीटेक से नगझर तक फोरलेन मार्ग के साथ नागपुर रोड रेल्वे क्रांसिंग पर ओवर ब्रिज स्वीकृत ही नहीं कराया बल्कि 126 करोड़ रूपये का बजट भी दिलाया, जिसका कार्य प्रारंभ है। रेल्वे क्रांसिंग पर ओवर ब्रिज की मांग भी वर्षो पुरानी थी जिसके लिये डां. बिसेन का भागीरथी प्रयास हमेशा याद रखा जायेगा।

**रेल्वे पर विशेष फोकस:** वर्ष 2019 में जब डां. बिसेन सांसद निर्वाचित हुये थे तो उन्होने सबसे पहले अमान परिवर्तन पर फोकस किया था। रेल अधिकारियों के साथ बैठक कर रेल्वे स्टेशन पर बनने वाले दो कमरे के यात्री भवन की ड्राईंग डिजाईन बदलवाई और मॉर्डन स्टेशन स्वीकृत करवाया था। सिवनी रेल्वे स्टेशन एन एस जी 6 की श्रेणी में आता है। इस श्रेणी में आने वाले रेल्वे स्टेशन केवल दो प्लेटफार्म एवं दो कमरों के कार्यालय और यात्री प्रतिक्षालय वाले होते है। यह डां. बिसेन की काबलियत ही कही जायेगी कि उन्होंने शहरवासियों की सुविधा को देखते हुये शहर की ओर ऐसा सर्वसुविधा युक्त नया भवन स्वीकृत करवाया,जो आज बनकर लगभग तैयार है साथ ही प्लेट फार्म की संख्या दो चार करवाई ताकि सिवनी को और एक्सप्रेस ट्रेने मिल सके। नैनपुर एंड की ओर भी एक फुट ओवर ब्रिज बनकर तैयार है। उन्होंने स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक की जो वर्तमान में बिल्डिंग है उसे अमृत भारत योजना में शामिल करवाया जिससे वर्तमान में वहाँ करीब 14 करोड़ की लागत से यात्रियों को अत्याधुनिक सुविधाएँ देने हेतु निर्माण कार्य जारी है। इस योजना के तहत प्लेट फार्म नंबर एक दो तीन में यात्रियों की सुविधा के लिये लिफ्ट भी रहेगी साथ ही प्रसाधन की व्यवस्था भी रहेगी। आने वाले समय में जब रेल्वे स्टेशन के सभी कार्य पूर्ण हो जायेंगे तो उसकी तस्वीर ही बदल जायेगी। भविष्य में सिवनी रेलवे स्टेशन जंक्शन भी बन सकता है श। डां. बिसेन की मांग पर सिवनी से तिरोड़ी नई रेल लाईन हेतु सर्वे हो चुका है एवं उस समय यह मामला बजट में शामिल होने की प्रक्रिया के बहुत करीब था।

**रैक पाइंट एवं नया बायपास:** सिवनी का व्यापार बढ़े और किसानों को उपज का अन्य शहरों के बाजारों से उचित दाम मिले इसके लिये उन्होने रेक प्वाइंट स्वीकृत कराया। रैक पॉइंट से आज सिवनी के व्यपारियों का व्यापार जहां बढ़ रहा है वहीं जिले के अन्नदाताओं को उनकी उपज का उचित दाम मिल रहा है। रसायनिक खाद, सीमेन्ट, लौहा के रैक आने का जहां मार्ग प्रशस्त हुआ है वहीं गिटटी एवं अन्य मटेरियल परिवहन की भी स्वीकृति उन्होंने ही दिलाई थी। रैक पाइंट बनने से नगर को एक नया बाईपास भी मिला है। बरघाट नाका रेल्वे क्रासिंग के पहले से कटंगी रोड रेल्वे स्टेशन होते हुये यह बाईपास नागपुर रोड में मिलता है। जिससे बालाघाट एवं मंडला से आने वाले वाहन बगैर शहर में प्रवेश किये सीधे नागपुर रोड आ जा रहे है।

**बधाई एवं शुभकामनायें :** मानवीय संवेदनाओं के प्रति अजेय आस्था, सादगी और सहजता के धनी, कर्म के प्रति गंभीर दृष्टिकोण, जनसेवा के लिये समर्पण, आपने दायित्वों के प्रति निष्ठा का भाव ही डॉ. ढालसिंह बिसेन को वर्तमान राजनैतिक परिवेश में एक अलग ही पहचान देता है। पांच दशक लम्बे राजनैतिक सफर में अनेक उपलब्धियों की सौगात देने वाले डॉ. ढालसिंह बिसेन को उनके 73 वां जन्मदिवस पर ढेर सारी बधाई और शुभकामनायें, इस अपेक्षा के साथ कि भविष्य मे भी वे मूल्यों और सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्ध रहते हुये अपने दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करें और अपने राजनैतिक सफर मे जिले को उसके वर्तमान और भविष्य की अनेक उपलब्धियां दें।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —हाकम सिंह गुर्जर
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म. प्र. ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

## विधायक विष्णु खत्री ने की बाह्य नदी की पहले चरण की पदयात्रा पूर्ण



**बैरसिया।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बैरसिया विधायक विष्णु खत्री ने मंगलवार को बाह्य नदी के उदगम स्थल पीपलखेड़ा से नदी की पदयात्रा शुरू की। यात्रा के पूर्व उदगम स्थल पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। उसके बाद ध्वज और कलश पूजन के साथ क्षेत्रीयजन, अधिकारी और भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ यात्रा शुरू की गई।

यह यात्रा दो चरणों मे की जाएगी। पहले चरण की यात्रा पीपलखेड़ा से शुरू होकर ग्राम रोडिया, धमर्रा, हिरनखेड़ी, तरावली होती हुई नलखेड़ा पर समापन किया गया।

इस दौरान जगह-जगह ग्रामीणों ने कलश लेकर यात्रा का स्वागत किया गया। इसके साथ ही प्रत्येक गांव पर कार्यक्रम आयोजित कर विधायक विष्णु खत्री ने यात्रा का उद्देश्य बताया। विधायक विष्णु खत्री ने कहा कि यह जल गंगा संवर्धन अभियान की धरातल यात्रा है। यात्रा में यह चिन्हित किया जा रहा है कि बाह्य नदी की संरक्षण और अधिक जल भराव के लिए क्या योजना बनाई जा सकती है। अभी सिर्फ यह देखा जा रहा है कि इसके सहायक नदियां और नाले कैसे खोले जा सकते है। इसके साथ ही इसके कैचमेंट एरिया में और क्या बेहतर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हम यात्रा पूर्ण होने के बाद ग्रामीण और विभागीय अधिकारियों के साथ बातचीत कर बाह्य नदी की एक योजना बनाकर शासम को भेजेंगे। पदयात्रा में एसडीएम आशुतोष शर्मा, सीइओ जनपद पंचायत दिलीप कुमार जैन, तहसीलदार करुणा दंतोड़िया, भाजपा जिलाध्यक्ष तीरथ मीणा एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कुबेर सिंह गुर्जर सहित अनेक ग्रामीण और भाजपा कार्यकर्ता साथ रहे।

## प्रधान आरक्षक के पुत्र आदर्श ने 94.2 अंक किए हासिल



**दमोह।** सीबीएसई परीक्षा परिणाम में नवोदय विद्यालय हटा में अध्यनरत कक्षा दसवीं के छात्र आदर्श पिता तुलसीराम पटेल (601 प्रधान आरक्षक कोतवाली में पदस्थ) माता पूजा, निवासी पुलिस लाइन दमोह ने 500 में से 471 नंबर (94.2 प्रतिशत) हासिल कर माता-पिता सहित समाज का नाम रोशन किया है, जहां सभी बधाई,शुभकामनाएं दे रहे हैं.

## कलेक्टर ने सिविल डिफेंस प्लान के संबंध में अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश



**औबेदुल्लागंज (संवाददाता)।** सिविल डिफेंस प्लान के संबंध में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर विश्वकर्मा ने वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से सभी एसडीएम और एसडीओपी को अपने-अपने क्षेत्र में वॉलिंटियर्स के प्रशिक्षण में सम्मिलित होने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक पंकज पाण्डे द्वारा भी सभी एसडीओपी को प्रशिक्षण में सम्मिलित होने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में राहत शिविरों हेतु भवनों का चिन्हांकन, सभी आवश्यक संसाधनों तथा सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में अपर कलेक्टर श्वेता पवार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार, डिस्ट्रिक्ट होमगार्ड कमांडेन्ट उमेश तिवारी तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## बुद्ध पूर्णिमा औबेदुल्लागंज गुरुद्वारा में हर्षोल्लाष से मनाई

**औबेदुल्लागंज (संवाददाता)।** गुरुद्वारा गुरुसिंघ सभा औबेदुल्लागंज और अर्जुन नगर के संत संतोख सिंह गुरुद्वारा में महात्मा बुद्ध पूर्णिमा बड़े ही हर्षोल्लाह से मनाई गई। इस अवसर पर प्रसिद्ध कथाकार जगजीत सिंह (जीते भैया) ने महात्मा गौतम बुद्ध पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि महात्मा गौतम बुद्ध ने 35 वर्ष की आयु में ही अध्यात्म ज्ञान को प्राप्त कर लिया था उन्होंने बिहार राज्य में गया जी नामक प्रसिद्ध तीर्थ स्थल में अपनी तपस्या की थी ,, फिर उन्होंने हमारे देश में और अन्य देशों में भी घूम-घूम कर अध्यात्म ज्ञान हेतु सबको जागृत किया था ,, अध्यात्म ज्ञान के प्रचार हेतु अपने भारत में कई शहरों ओर गांव गांव में घूम कर उन्होंने आध्यात्मिक ज्ञान के लिए सबको जागृत किया था । उनका आध्यात्मिक ज्ञान का प्रभाव युगों-युगों तक रहेगा । कथाकार ने अपने संबोधन में कहा कि सिख संप्रदाय के तीसरे गुरु अमरदास थे ,, गुरु अमरदास के कार्य और अध्यात्म ज्ञान के संबंध में देश के तत्कालीन बादशाह अकबर भी बहुत खुश थे ।

# पत्तों के साथ 8 आरोपी गिरफ्तार पुलिस ने थाने से जमानत पर छोड़ा




**सारनी/ राजेश नायर।** सारनी शहर में चर्चा का विषय बना हुए है। की पुलिस एस पी निश्चल एन. झारिया के निर्देशा नुसार जिले में जुआ खेलने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही कि जा रही हैं। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी एवं एस डी ओ पी रोशन कुमार जैन के मार्गदर्शन में सारनी पुलिस द्वारा एक बड़ी कार्यवाही करते हुये अवैध जुआ खेलने वालों के विरुद्ध जुआ फड़ पर रेड कर कार्यवाही कर अहम भूमिका निभाई गई देखा जा रहा है। अवैध जुआ खेल रहे कुल 08 आरोपियों के कब्जे से नगदी कुल 21900/- रुपये जप्त किया। 12 मई 2025 को 02.35 बजे आरोपी विश्वनाथ डेहरिया ललन गुप्ता सोनू गिरी राशिद अंसारी हर्षित वस्त्रा आफताब अंसारी भरत नगर देवीराम पहाडे ग्राम मरकाढाना संदीप गोहे।

**मामला का विवरणः** मुखबिर कि सुचना पर शोभापुर कालोनी में नूरी मस्जिद के पास से कुछ लोगो को अवैध रूप से ताश के पत्तो पर रूपयो से हार जीत का दाव लगा रहे है। सूचना मिलने पर कार्यवाही करते हुये। सभी आरोपीयो को अवैध जुआ खेलते पकड़ा गया। जिनके कब्जे से 52 ताश के पत्ते एवं नगद कुल 21,900/- रूपये जप्त कर सभी आरोपीगमो के विरूध्द धारा 13 पब्लिक गेम्बलिंग एक्ट की कार्यवाही की गई है। कार्यवाही में शामिल पुलिस टीम में सारनी थाना प्रभारी जयपाल इनवाती उनि आशीष कुमरे, प्र. आर. श्रीराम, प्र. आर. किशन शैलू, आर. मोहित भाटी, आर. रविमोहन, आर. मोनू उइके, आर. अनुराग की अहम भूमिका रही द्य

### इनका कहना है

सभी आरोपियों को थाने से जमानत पर रिहा किया गया है। इन पर पहले केस चल रहा है या नही जांच शुरू है। चालान पेश होने से पूर्व आपको जानकारी दे दी जायेंगी।

**जयपाल इनवाती, सारनी टी आई**

## जिला स्तरीय जनसुनवाई में प्राप्त हुए 107 आवेदन



**सिवनी।** प्रत्येक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होने वाली जिलास्तरीय जनसुनवाई कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की अध्यक्षता में आयोजित? हुई। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नवजीवन विजय, अपर कलेक?टर सी एल चिनाप,अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खण्डायत सहित सभी विभाग प्रमुखों की उपस्थिति रही।

जिलास्तरीय जनसुनवाई में तहसील लखनादौन अंतर्गत ग्राम कुण्डा निवासी सुकरतलाल उइके द्वारा बांध में डूबी जमीन से आवेदक को वर्तमान उक्त भूमि का पट्टा दिलाये जाने विषयक, तहसील बरघाट वार्ड नं. 15 निवासी राज किशोर नांदने द्वारा भूमि का सीमांकन कराये जाने विषयक, तहसील छपारा अंतर्गत ग्राम ताखला निवासी रेखा बई जंघेला द्वारा अवैध रूप से हुए कब्जा हटाये जाने विषयक, तहसील केवलारी अंतर्गत ग्राम खामी निवासी भोजलता टेमभ्रे द्वारा नामांतरण कराये जाने विषयक, तहसील घंसौर अंतर्गत ग्राम बिनौरी निवासी मिश्री लाल रजक द्वारा खरीदी गई जमीन की रजिस?ट्री कराये जाने विषयक, सिवनी निवासी मोनिका अजीत द्वारा जाति प्रमाण बनाये जाने विषयक, ग्राम लालमाटी छपारा निवासी श्यामकुमार मर्सकोले द्वारा बच्चों के जाति प्रमाण बनाये जाने विषयक, कबीर वार्ड डूंडासिवनी निवासी प्रफुल्ल यादव द्वारा बीमा राशि दिलाये जाने विषयक, ग्राम चिखली उगली निवासी जितेन्द्र सिंह राउत द्वारा वाहन दुर्घटना से हुई छतिपूर्ति राशि दिलाये जाने विषयक, तहसील धनौरा अंतर्गत ग्राम देवरीटोला निवासी भारतसिंह कटारिया द्वारा भूमि के नक्शे में सुधार कराये जाने विषयक, तहसील घंसौर अंतर्गत ग्राम कहानी निवासी रामचरन डेहरिया द्वारा पट्टा निरस्त किये जाने विषयक, ग्राम पायलीखुर्द छपारा निवासी दशरू लाल कुमरे द्वारा अनावेदकगणों के विरूद्ध स्थगन आदेश जारी किये जाने विषयक, ग्राम बम?होडी बरघाटर निवासी भूमेश?वरी गौतम द्वारा खसरा में नाम परिवर्तन कराये जाने विषयक, ग्राम कान्हीवाडा निवासी शीतल भलावी द्वारा नाली का पक?का निर्माण कराये जाने विषयक, ग्राम कर्माझिरी तहसील कुरई निवासी वंशीलाल वट्टी द्वारा शासकीय अभ्यारण निर्माण हेतु ग्राम के रिक्तकर्ता को रिक्तकर्ता सूची में दर्ज किये जाने विषयक, ग्राम पीपरवानी कुरई निवासी रतना बाई द्वारा किसान सम्मान निधि की राशि दिलाये जाने विषयक, ग्राम बाम्हनवाडा थाना बंडोल निवासी श्रीमती रामकली डहेरिया द्वारा आवास योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, ग्राम चमरवाही बरघाट निवासी फूलसिंह मर्सकोले द्वारा मुवाअजा राशि दिलाये जाने विषयक सहित कुल 107 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने संबंधित विभागाधिकारियों को दिए।

## राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक विजेता खिलाड़ियों से 31 मई तक आवेदन आमंत्रित

**सीहोर।** खेल और युवा कल्याण द्वारा 01 अप्रेल 2024 से 31 मार्च 2025 के मध्य आयोजित अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक विजेता जिले के प्रतिभावान खिलाडियों से वर्ष 2024 की राज्य स्तरीय खेलवृत्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता खिलाडी को राशि 10000 रू. रजत पदक विजेता खिलाडी को राशि 8000 रू. एवं कांस्य पदक विजेता खिलाडी को राशि 6000 रू. खेलवृत्ति राशि प्रदान करनें का प्रावधान है। वर्ष 2024 की खेलवृत्ति के लिए आवेदन 31 मई 2025 तक स्वीकार किए जा सकेगें। खेलवृत्ति के लिए आवेदन कार्यालय जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी चर्च ग्राउंड सीहोर से प्राप्त कर सकते हैं। 31 मई 2025 के पश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।

## 18 से लेकर 35 साल की आयु वर्ग के पुरुष और महिला दोनों को रोजगार के बहुत अच्छे अवसरः कलेक्टर



**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के नागरिकों से कहा है राज्य सरकार के मार्गदर्शन में दो बड़े कदम जिला स्तर पर उठाये जा रहे हैं। जैसा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी का ज़ोर इस बात पर है कि हमारे यहाँ के युवाओं को रोजगार मिलना चाहिए और किसी भी युवा को विवश होकर किसी अन्य स्थानों पर जाने की स्थिति ना बने। दमोह जिले में रोजगार के लिये अत्यधिक लोग बाहर चले जाते है, हमारे ग्रामीण अंचलों से खास तौर पर और बहुत सारे युवा दिल्ली, गुडगाँव, हैदराबाद, नोएडा और अन्य जगहों पर रोजगार की तलाश में जाते हैं। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा राज्य सरकार ने इनिशिएटिव लिया है, जिले में बहुत बड़े पैमाने पर 27 मई 2025 को एक बड़ा युवा संगम रोजगार मेला पॉलिटेक्निक कॉलेज में लगा रहे हैं । लगभग 2266 वेकेंसी मिली है, प्राइवेट सेक्टर में। उन्होनें बताया करीब 12 कंपनियां देशभर की 27 मई को दमोह आ रही है, इन पदों पर नियुक्ति करने के लिए कंपनी जिले के विद्यार्थियों को चयन करने के लिए आ रही और इसमें जो क्वालिफिकेशन रखी गई है, कई पद तो ऐसे हैं, जिसमें केवल पांचवी पास चाहिए कई पद ऐसे हैं, जिसमें केवल आठवीं पास चाहिए। कई पद ऐसे हैं, जिसमें केवल दसवीं पास चाहिए । कई पद ऐसे हैं, जिसमें केवल बारहवीं पास चाहिए। कुछ पद ऐसे हैं, जिसमें आई.टी.आई और डिप्लोमा चाहिए। मिनिमम पांचवी पास से लेकर के अधिकतम आई.टी.आई डिप्लोमा तक उनको युवाओं की तलाश है, और इसमें 2266 वेकेंसी है, उसमें 1764 पद पुरुषों के लिए है और 802 पद महिलाओं के लिए इस प्रकार से 2266 पद हैं। उन्होंने कहा जिले में प्रयास किया जा रहा है, लार्सन एण्ड टुब्रो जो कंपनी है, यह बहुत बड़ी कंपनी है और लार्सन एण्ड टुब्रो का एक इनिशिएटिव है। उनकी कैपेसिटी यह है कि वह हर महीने लगभग 100 युवाओं को रोजगार दे सकते हैं। प्लान किया है की 29 मई से लेकर के 31 मई तक लार्सन एण्ड टुब्रो का एक कार्उसिलिंग शिविर आयोजित कर रहे हैं और ये कार्उसिलिंग शिविर तेंदूखेड़ा, जबेरा, हटा और पटेरा इन चार क्षेत्रों में करने जा रहे हैं।

## चोरी के आरोप में भाई ने की थी खुदकुशी, बदला लेने 101 मंदिरों में चोरी का बनाया प्लान

**विदिशा।** विदिशा जिले में पुलिस ने एक ऐसे चोर को पकड़ा है, जिसने 101 जैन मंदिरों में चोरी करने का संकल्प लिया था। गंजबासौदा के 500 साल पुराने श्री 1008 आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर से चोरी की वारदात के 24 घंटे के भीतर ही पुलिस ने उसे रेलवे स्टेशन से भागते वक्त गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी का नाम नीलेश राजपूत (उम्र 40 वर्ष) है, जो सागर जिले के औरिया गांव का निवासी है। उसके पास से 35 छत्र (30 चांदी और 5 पीतल) बरामद हुए हैं, जिसकी अनुमानित कीमत 4 लाख रुपये है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने अब तक 79 जैन मंदिरों में चोरी की है और उसका लक्ष्य 101 मंदिरों में चोरी करना था।

नीलेश ने पुलिस को बताया कि उसका भाई रूप सिंह चोरी के झूठे आरोप में गिरफ्तार हुआ था। सामाजिक अपमान के कारण उसने आत्महत्या कर ली। इसी घटना ने नीलेश को झकझोर दिया और उसने बदले की भावना से 101 जैन मंदिरों में चोरी का प्रण ले लिया।



### अब तक इन मंदिरों को बनाया निशाना

नीलेश ने सागर, दमोह, इटारसी, भोपाल, विदिशा,रायसेन और के कई जैन मंदिरों में चोरी की है। उसके खिलाफ 39 मामले दर्ज हैं और वह पहले भी कई बार जेल जा चुका है। 20 दिन पहले ही वह रायसेन जेल से छूटा था।

## पेंशनधारियों की वार्षिक भौतिक सत्यापन की अवधि को 31 तक किया, वरना अटक जाएगी जून से पेंशन




**जयपुर।** राजस्थान के लाखों पेंशनरों के लिए जरूरी खबर है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन के तहत जिन पेंशनरों (वृद्वजन, विधवा एवं विशेष योग्यजन व्यक्ति)ने अबतक भौतिक सत्यापन नहीं करवाया है वे 31 मई 2025 से पहले करवा लें, अन्यथा जून से पेंशन अटक सकती है या पेंशन से वंचित रहना पड़ सकता है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने वर्ष-2025 के लिए सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनान्तर्गत लाभार्थियों की वार्षिक भौतिक सत्यापन की अवधि को बढ़ाकर 31 मई कर दिया है। योजना के तहत आने वाले लाभार्थियों की मांग और सुविधा के लिए विभाग ने सत्यापन की अन्तिम तिथि 30 अप्रैल से बढ़ाकर 31 मई. 2025 कर दी है।लाभार्थी अविलंब अपना सत्यापन करवाएं ताकि पेंशन में कोई व्यवधान ना हो।

**इन माध्यमों से करवा सकते है सत्यापनः** पेंशन धारक द्वारा अपने वार्षिक भौतिक सत्यापन के लिए ई-मित्र कियोस्क, -ई-मित्र प्लस केंद्र और राजस्थान सोशल पेंशन एंड आधार फेसआरडी' मोबाइल ऐप के जरिए बायोमेट्रिक या फेस रिकग्निशन कर सकते है।

वार्षिक भौतिक सत्यापन के लिए विकसित एन्ड्राइड मोबाईल एप्प के माध्यम से लाभार्थी के फेस रिकाग्निशन के आधार पर किया जा सकेगा।

ऐसे पेंशनर्स जो अत्यधिक वृद्धावस्था, शारीरिक अस्वस्थता के कारण वार्षिक भौतिक सत्यापन करवाने के लिए घर से बाहर जाने में असमर्थ है तो संबंधित स्वीकृतिकर्ता अधिकारियों द्वारा मोबाइल एप्प के माध्यम से घर बैठे ही वार्षिक भौतिक सत्यापन करवा सकते है। छाप से बायोमेट्रिक सत्यापन में कोई कठिनाई होने या आने पर पेंशनर्स अपना पीपीओ,आधार कार्ड अथवा जनआधार कार्ड लेकर उपखंड कार्यालय में उपस्थित होकर अपना वार्षिक सत्यापन करवा सकते हैं।

अंगुली की छाप बायोमैट्रिक्स से वंचित रहे पेंशनर्स का भौतिक सत्यापन आईरिस स्कैन से भी किया जा सकता है। यदि पेंशनर पेंशन स्वीकृतकर्ता अधिकारी (विकास अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी) के सामने व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होता है, तो अधिकारी स्वयं की स्स्ह आईडी द्वारा स्स्क्पोर्टल पर संबंधित पेंशनर का क्क्ह नम्बर दर्ज करने पर पेंशनर के रजिस्टर्ड मोबाइल पर प्राप्त ह्ल्क्क के आधार पर भौतिक सत्यापन किया जा सकता है।

**समस्या आने पर कहां करें संपर्कः** पेंशन योजना में लाभार्थियों के वार्षिक भौतिक सत्यापन में किसी भी प्रकार की दिक्कत आने पर पेंशनर संबंधित ग्राम पंचायत के विकास अधिकारी, नगर पालिका आयुक्त और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग में संपर्क कर जानकारी ले सकते हैं।

## सावन सिंह बने मानव अधिकार आयोग के आयोग मित्र

**मण्डला।** मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग द्वारा मण्डला जिले के लिए सावन सिंह ठाकुर को आयोग मित्र के रूप में नामित किया गया है।यह नियुक्ति अगले दो वर्षों के लिए है,और वे मानव अधिकारों के संवर्धन और संरक्षण में आयोग की मदद करेंगे। आयोग ने उनके ऊपर विश्वास व्यक्त किया है कि वे इस भूमिका में निस्वार्थ और मानवीय सेवाएं प्रदान करेंगे।सावन सिंह ठाकुर की जिले के लिए आयोग मित्र के रूप में नियुक्ति एक महत्वपूर्ण कदम है,जो मानव अधिकारों के संवर्धन और संरक्षण में उनकी भूमिका को रेखांकित करता है।यह नियुक्ति म.प्र. मानव अधिकार आयोग द्वारा की गई है,जो राज्य में मानव अधिकारों के उल्लंघन की जांच और निवारण के लिए जिम्मेदार है।यह नियुक्ति मण्डला जिले के भौगोलिक क्षेत्र के लिए और आयोग ने उनके ऊपर विश्वास व्यक्त किया है कि वे इस भूमिका में निस्वार्थ और मानवीय सेवाएं प्रदान करेंगे।उनकी भूमिका मानव अधिकारों के साथ समन्वय स्थापित करना और स्थानीय स्तर पर शिकायतों को संबोधित करने में मदद करना है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद इटारसी, जिला नर्मदापुरम (म.प्र.)**

पत्र क्रमांक/रा.शा.वि./न.पा.इ/2025/17 इटारसी, दिनांक 09.05.2025

**आम सूचना**

आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद इटारसी से प्रियदर्शनीय नगर वार्ड नं. 12-13 इटारसी भवन/ भूखण्ड क्रमांक ईडब्ल्यूएस 372 को जो कि श्री ठाकुरपद विश्वास पिता श्री नंदलाल इटारसी नगर पालिका अभिलेखों में दर्ज है, श्री अभिषेक विश्वास पिता स्व. असीम विश्वास अपने नाम पर नामांतरण कराना चाहते है। उक्त भवन के नामांतरण होने में किसी को कोई आपत्ति है तो इश्तहार प्रकाशन सूचना से 15 दिवस के भीतर संपूर्ण रिकार्ड एवं प्रमाण के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय नगर पालिका परिषद इटारसी के समक्ष में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकते है। यदि 15 दिवस के भीतर किसी भी कोई आपत्ति दर्ज नहीं होती है तो तत्पश्चात किसी की किसी भी तरह की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद इटारसी**

**कार्यालय ग्राम पंचायत बनियातारा**

**जनपद पंचायत मंडला, जिला मण्डला ( म.प्र.)**

क्रमांक/ ग्राम पंचा./025 बनियातारा, दिनांक 14.05.2025

**निविदा प्रकाशन**

म.प्र.पंचायत राज्य अधिनियम 1993 के अंतर्गत ग्रा.पंचा. बनियातारा में विधायक निधि मद से ग्राम पंचायत बनियातारा द्वारा कार्य कराया जाना है जो कार्य निम्नानुसार है,

01 -ग्राम पंचायत बनियातारा:- पुलिया निर्माण कार्य बनियातारा

इच्छुक सप्लायर अपनी दरों को सील बंद लिफाफे में दिनांक 20 .05. 2025 तक कार्यालयीन समय में जमा कर सकते हैं। रेत प्रति घन मीटर, गिट्टी 20 एवं 40 एम एम. प्रति घन मीटर में एवं सीमेंट प्रति बैग एवं पाईप 1000 एम एम प्रति नग की दर से एवं निर्माण कार्य में लगने वाली अन्य सामग्री शामिल हैं।

नोटः- निविदा संबंधी सभी नियम व शर्तें ग्रा.पंचा. बनियातारा के भवन के सूचना पटल पर पढ़ी व देखी जा सकती है।

**सरपंच**
**ग्राम पंचायत बनियातारा**
**जनपद पंचायत मंडला जिला मंडला म.प्र.**

# सीहोर में मालवा का जायका जय राम के पोहे

## 65 वर्ष बाद आज भी वही स्वाद और सुगंध



**सीहोर,** चरखा लाइन जोड़ पर छावनी मैन रोड पर स्थित जय राम की होटल यहां के प्रसिद्ध नरम,गरम और अपने स्पेशल स्वाद के पोहे के लिए प्रसिद्ध है,जो दूर दूर से लोगों को यहां आकर यहां के स्पेशल पोहे खाने के लिए उत्साहित करती है।

पर्यावरण संस्कृति संरक्षण एवं मानव कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष सुशील कुमार जैन ने बताया कि इस होटल की स्थापना आज से 65 वर्ष पूर्व आपके पिता जय राम ने की थी ,अब इस सीहोर के स्वाद की धरोहर दुकान का सफल परंपरागत संचालन जयरामजी के पुत्र बिनु मूलचंदानी, विक्की मूलचंदानी कर रहे हैं , वर्षो पुराना स्वाद, जायका आज भी बरकरार है, इसलिए इस दुकान पर अब लोगों की तीसरी पीढ़ी भी नाश्ता करने आने लगी है , इस दुकान की एक शाखा अब लिसा टॉकीज के पास भी 15 से वर्षो लोगो के मनपसंद स्वाद का जायका बढ़ा रही है।

सुबह जल्दी खुलने वाली दुकान पर देर शाम तक बाहर से ओर आसपास से पोहे ,समोसे के खाने वाले शौकीन लोगों की भीड़ यहां लगी रहती हैं, पोहे कितने भी बने पर 12 बजे के बाद पोहे के खत्म होने पर पोहे के शौकीन लोगों को अगले दिन का छोटा इंतजार करना होता है।

बाहर से एकदम कुरकुरी परत में आलू और मसाले भरकर बनाये हुये आलू समोसे का स्वाद यहां की पहचान है।आपने बताया कि समोसे का आटा गूथने के समय तेल डालने से समोसे खस्ता बनते हैं। देर शाम तक लोगों को उनके मनपसंद छोला चाट ओर समोसा चाट सुगंधित मसाला खुशबु के साथ आने वाले स्वाद के शौकीन को दिए जाते हैं।हर मौसम में हर उम्र और हर जगह के लोग यहां अपनी पसंद के पोहा ,समोसा चाट खाने के लिए यहां आते है। समोसे को हरे धनिये की चटनी और मीठी चटनी के साथ भी परोसा जाता हैचाय के साथ समोसे किसे पसन्द नहीं आते? पोहे समोसे के बाद जय राम होटल की चाय मिल जाए तो कहना ही क्या...यहां पर उपलब्ध मावे की मीठी गुजिया का तो जवाब ही नहीं। यहां कि गुलाब जामुन, जलेबी, लस्सी , कचोरी भी सबकी वर्षो से पसंद बनी हुई है। स्वाद के साथ प्रोपराइटर बिनु मूलचंदानी और विक्की मूलचंदानी का व्यवहार भी लोगो को उनकी दुकान पर अकस्मात खींच लाता है।

## मंत्री विजयवर्गीय के जन्मदिन पर मरीजों को बांटे फल

**आष्टा।** मध्यप्रदेश सरकार में नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता कैलाश विजयवर्गीय का जन्मदिन यूं तो अक्षय तृतीया को मनाया जाता है, किंतु दिनांक के हिसाब से उनका जन्मदिन 13 मई को है। इसी के चलते उनके समर्थक नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, नपाउपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरू खां द्वारा अपने चहेते नेता के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सिविल अस्पताल अपने साथियों के साथ पहुंचकर अस्पताल में भर्ती मरीजों को स्वल्पाहार के रूप में फल, बिस्किट व दूध वितरित किया गया। स्वल्पाहार पाते हुए मरीजों ने हर्ष व्यक्त कर मंत्री श्री विजयवर्गीय के दीर्घायु जीवन की कामना की और एक-दूसरे को जन्मदिन की बधाई भी दी। इस अवसर पर पार्षद डॉ. सलीम खान, अरशद अली, सुनील सिटोलिया, धर्मेन्द्र ठाकुर, मिर्जा फारूख, यावर खां, मनीष किल्लौदिया सहित बड़ी संख्या में समर्थकगण मौजूद थे।








भोपाल। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर रिजनल साइंस सेंटर में मेनिट और आईआईएसईआर भोपाल द्वारा नई तकनीकी पर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

## ब्राइट आउटडोर मीडिया बना इंडिया @ 2047 समिट का आधिकारिक आउटडोर मीडिया पार्टनर






**मुंबई।** ब्राइट आउटडोर मीडिया लिमिटेड (बीएसई - 543831), भारत के आउटडोर विज्ञापन जगत में एक प्रतिष्ठित नाम, को गर्व है कि उनको 6 मई 2025 को नई दिल्ली के भव्य भारत मंडपम में आयोजित एबीपी न्यूज़ इंडिया @ 2047 समिट में आधिकारिक आउटडोर मीडिया पार्टनर बनने का मौका मिला। यह ऐतिहासिक सम्मेलन राजनीति, उद्योग, मनोरंजन और रोमांच की दुनिया की जानी-मानी हस्तियों का संगम था, और इसका मुख्य आकर्षण रहा भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का प्रेरणादायक उद्घाटन भाषण, जिसमें उन्होंने 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में देश की यात्रा की रूपरेखा प्रस्तुत की। विशेष आउटडोर मीडिया प्रदाता के रूप में, ब्राइट आउटडोर मीडिया केविस्तृत डिजिटल और स्थैतिक डिस्प्ले नेटवर्क ने सम्मेलन की ब्रांडिंग, लाइव अपडेट्स और वक्ताओं की मुख्य झलकियों को प्रमुख क्षेत्रों और स्थानों पर प्रदर्शित किया।इन सभी ने तकनीक, स्वास्थ्य सेवा, अवसंरचना और सांस्कृतिक पुनरुद्धार जैसे विषयों पर विचार साझा किए, जो भारत के भविष्य की बुनियादी आधारशिला माने जा रहे हैं।यह साझेदारी ब्राइट आउटडोर मीडिया के लिए एक ऐतिहासिक अवसर रही, जिसमें कंपनी ने राष्ट्रीय स्तर पर अपने नेटवर्क की पहुंच और प्रभाव को दर्शाया। इसने यह सिद्ध किया कि ब्राइट आउटडोर मीडिया बड़े पैमाने की, उच्च दृश्यता वाली अभियानों को सफलतापूर्वक संचालित करने में सक्षम है, और ऐसे भविष्य-उन्मुख प्रतिष्ठित आयोजनों के लिए एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत किया है।

## एनएसडीसी इंटरनेशनल ने 1 लाख केयरगिवर्स को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा

**मुंबई एजेंसी।** एनएसडीसी इंटरनेशनल दुनिया भर में केयरगिविंग सेगमेन्ट में कौशल की खामियों को दूर करने की दिशा में अपने प्रयासों को जारी रखे हुए है, एनएसडीसी इंटरनेशनल ने ग्लोबल हेल्थकेयर की क्षमता बढ़ाने के लिए तकरीबन 1 लाख केयरगिवर्स को प्रशिक्षित करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किया है। गौरतलब है कि दुनिया भर में इन प्रोफेशनल्स की मांग लगातार बढ़ रही है। अब तक संगठन हज़ारों कुशल केयरगिवर्स को जर्मनी, जापान, यूके और इज़रायल जैसे देशों में नौकरियों के अवसर उपलब्ध करा चुका है। इस प्रशिक्षण के तहत उम्मीदवारों को विशेष सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण तथा अंग्रेज़ी, जर्मन एवं जापानी भाषाओं में कौशल प्रदान किया गया है। ताकि उनकी रोज़गार क्षमता बढ़े और वे दुनिया के विभिन्न कोनों में अस्पतालों एवं चिकित्सा संस्थानों में नौकरी पाकर अपनी सेवाएं प्रदान कर सकें। आलोक कुमार, सीईओ, एनएसडीसी इंटरनेशनल ने कहा, ''आज पूरी दुनिया एसडीजी-3 के अनुरूप स्वास्थ्य एवं कल्याण के लक्ष्यों को हासिल करने की दिशा में प्रयासरत है। इसी के मद्देनज़र एनएसडीसी इंटरनेशनल में हम हर संभव कोशिश कर रहे है। हम न सिर्फ अनुकूल प्रोग्राम लेकर आए हैं बल्कि उम्मीदवारों को उद्योग जगत की आवश्यकतानुसार कौशल प्रदान करने के लिए देशी-विदेशी संस्थानों के साथ साझेदारी भी की है।

## मिलिये सासु मांओं से, जो अपने आइकॉनिक साड़ी लुक्स से टीवी पर फैशन को दे रही हैं नया मुकाम

**मुंबई, एजेंसी।** जब बात दिलों पर राज करने और स्टाइल का ट्रेंड सेट करने की हो, तो टेलीविज़न की आइकॉनिक सासुएं हमेशा आगे रही हैं - परंपरा की मिठास, रंगों की चमक और अपने दिलकश अंदाज़ के साथ! प्रसिद्ध ऐक्टर्स हिमानी शिवपुरी और सोमा राठौड़ क्रमशः 'हप्पू की उलटन पलटन' में कटोरी अम्मा और 'भाबीजी घर पर हैं' में रामकली (अम्मा) की अपनी प्यारी भूमिकाओं के लिये मशहूर हैं। उन्होंने अपनी बेमिसाल कॉमिक टाइमिंग से दर्शकों का दिल जीता है, बल्कि अनापेक्षित रूप से फैशन आइकन्स बनकर भी उभरी हैं। इनकी साड़ियों की स्टाइल, जिनमें रंग-बिरंगे कॉटन से लेकर रिच बनारसी साड़ियां तक शामिल हैं, हर पीढ़ी के फैन्स को आज भी प्रेरित करती है। हर एपिसोड के साथ टीवी की ये सासू मांएं भारतीय कारीगरी और पारंपरिक तरीके से बनाये गये परिधानों को फिर से जीवंत करती है, जिससे देसी फैशन ना सिर्फ ट्रेंडी बल्कि गर्व और प्रेरणा का कारण बन जाता है। हिमानी शिवपुरी, जो कटोरी अम्मा का किरदार निभा रही हैं, कहती हैं, कटोरी अम्मा का वाइब्रेंट कॉटन साड़ियों के साथ विंटेज ज्वैलरी पहनने का अंदाज दर्शकों को पसंद है। मैं हमेशा से ही साड़ियों की शौकीन रही हूं, और इस भूमिका ने मुझे भारतीय कारीगरों द्वारा बनाई गई कुछ बेहद खूबसूरत साड़ियां पहनने का मौका दिया है। मुझे बेहद खुशी होती है और संतोष मिलता है जब फैंस, खासकर महिलाएं, शो में पहनी जाने वाली साड़ियों के बारे में बात करती हैं। मुझे याद है कि हाल ही में लखनऊ यात्रा के दौरान, जब मैं एक व्यस्त बाजार में साड़ी खरीद रही थी, एक दुकानदार ने अचानक मुझे पहचान लिया और कहा, 'अम्मा जी, आपका शो तो रोज़ देखता हूं, और आपकी साड़ी का स्टाइल बहुत पसंद है, लोग कहते हैं कि कटोरी अम्मा वाली साड़ी दिखाइए!

## पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस ने नया फिक्स्ड रेट नॉन-होम लोन प्रॉडक्ट लॉन्च किया

**मुंबई एजेंसी।** भारत की तीसरी सबसे बड़ी हाउसिंग फाइनेंस कंपनी पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड ने एक नया फिक्स्ड रेट नॉन-होम लोन प्रॉडक्ट पेश किया है। इस लोन के जरिए ग्राहक अब संपत्ति के बदले ऋण, वाणिज्यिक भूखंड खरीद, भूखंड के बदले ऋण और लीज रेंटल डिस्काउंटिंग जैसी सुविधाएं ले सकते हैं, वो भी 10 प्रतिशत से शुरू होने वाली निश्चित ब्याज दर पर। इस नए समाधान का उद्देश्य ग्राहकों को उनकी पात्रता मानदंडों के आधार पर ऋण तक आसान पहुँच को संभव बनाना है।बंधक आधारित लोन पर निश्चित ब्याज दर होने से ग्राहकों को अपने वित्तीय भविष्य की योजना बनाने में आसानी होती है, क्योंकि इसमें ब्याज दरों के उतार-चढ़ाव या लोन अवधि बढ़ने का जोखिम नहीं होता। पीएनबी हाउसिंग का यह फिक्स्ड रेट नॉन-होम लोन उत्पाद 15 साल तक की पुनर्भुगतान अवधि के साथ आता है, जिससे आसान ईएमआई और लंबी अवधि की वित्तीय योजना संभव होती है। इस मौके पर पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस के एमडी और सीईओ गिरीश कौसगी ने कहा- भारत में लोन से जुड़े नियम और तरीके तेजी से बदल रहे हैं।



आज जोन 10 पी एन अग्रवाल हॉस्पिटल से ई 1 से 5 अरेरा कॉलोनी तक पीडब्ल्यूडी द्वारा प्रस्तावित डामरीकरण रोड कार्य क्षेत्रों का महापौर मालती राय ने निरीक्षण किया इस अवसर पर जोन अध्यक्ष बाबूलाल यादव, पूर्व पार्षद मोनू गोहल, नगर निगम अधिकारी एवं पीडब्ल्यूडी अधिकारी उपस्थित रहे

## ओप्पो एफ29 सीरीज को बाजार में अच्छी प्रतिक्रिया मिली

**भोपाल।** ओप्पो इंडिया की नई लॉन्च की गई एफ29 सीरीज़ सफलता के नए मानक स्थापित करते हुए बहुत शानदार प्रतिक्रिया प्राप्त कर रही है। मध्य प्रदेश में 21 दिन की सेल के दौरान एफ29 सीरीज़ की सेल ओप्पो एफ27 प्रो की तुलना 21 प्रतिशत अधिक हुई, जिससे इस क्षेत्र में इसकी बढ़ती लोकप्रियता और मजबूत मांग प्रदर्शित होती है। ओप्पो एफ29 सीरीज- भारत के लिए डिज़ाइन की गई, कठिन चुनौतियों के लिए निर्मित ओप्पो एफ29 सीरीज भारत में बढ़ती गिग अर्थव्यवस्था के लिए बनाई गई है। यह ड्राइवरों, डिलीवरी पार्टनर्स, होम-सर्विस प्रोफेशनल्स और छोटे व्यवसाय मालिकों की ज़रूरतों को पूरा करती है। एफ29 सीरीज अपने स्लिम और स्टाइलिश डिज़ाइन तथा मिलिट्री-ग्रेड की मजबूती, आधुनिक कनेक्टिविटी और लंबे समय तक चलने वाली बैटरी के साथ हर चुनौती का सामना करने के लिए बनाई गई है। एफ29 सीरीज धूल और लिक्विड से सबसे अधिक सुरक्षा प्रदान करती है।

# सेज इंटरनेशनल स्कूल के शौर्य वर्धन शर्मा बने भोपाल सिटी टॉपर






**भोपाल।** हाईस्कूल रिजल्ट में 99.4 फीसदी अंक मिले सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) ने मंगलवार को हाईस्कूल परीक्षा 2025 का रिजल्ट घोषित किया। इसमें कोलार रोड स्थित सेज इंटरनेशनल स्कूल के शौर्य वर्धन शर्मा ने 99.4 फीसदी अंक प्राप्त कर भोपाल शहर में पहला स्थान प्राप्त किया। स्कूल की कक्षा 12वी की छात्रा शैली कश्यप ने 96.2 प्रतिशत (ह्यूमैनिटीज) , जिया तंवर ने 95.4 प्रतिशत (ह्यूमैनिटीज) और सौम्या सोनी ने 93.6 प्रतिशत (कॉमर्स) में प्राप्त किए। इतना ही नहीं स्कूल में 10वीं कक्षा में पढ़ रहे 22 स्टूडेंट्स का रिजल्ट 90 फीसदी से ज्यादा रहा है। स्कूल की प्रिंसिपल भावना शर्मा ने बताया कि शौर्यवर्धन शर्मा के अलावा स्कूल के रुद्रांश अवस्थी को 95.6, सानिध्य सिंह को 95.2 , अनुश्री गुप्ता को 94.6 और अमर्शा जैन को 94.4 फीसदी अंक मिले हैं। सेज की एमडी साक्षी अग्रवाल ने बताया कि यह सफलता केवल एक परीक्षा परिणाम नहीं, बल्कि उस निरंतर प्रयास, समर्पण और अनुशासन का परिणाम है, जो हमारे छात्रों और शिक्षकों ने पूरे वर्ष दिखाया है। शौर्य वर्धन की यह शानदार उपलब्धि पूरे शहर ही नहीं बल्कि देश के लिए प्रेरणा का स्रोत है। सेज ग्रुप के सीएमडी इंजीनियर संजीव अग्रवाल ने इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा ह परिणाम हमारे विद्यार्थियों की लगन, शिक्षकों की मेहनत और अभिभावकों के सतत सहयोग का संयुक्त परिणाम है। सेज का प्रत्येक छात्र विशेष है, और हम उन्हें हर कदम पर प्रोत्साहित करते हैं कि वे अपने सपनों को उड़ान दें और आगे बढ़ते रहें।

ज्ञात रहे कि सेज इंटरनेशनल स्कूल, शिक्षा को केवल अंक तक सीमित नहीं मानता, बल्कि हम चरित्र निर्माण, नैतिक मूल्यों और समग्र विकास पर विश्वास करते हैं।

## रोमियो एस3 में पलक तिवारी का खुलासाः ताकत सिर्फ एक्शन में नहीं, इरादों में भी होती है

**मुंबई ।** एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'रोमियो एस3' में पलक तिवारी एक बहादुर और उसूलों पर चलने वाली पत्रकार का किरदार निभा रही हैं। यह फिल्म पेन स्टूडियोज़ के बैनर तले बनी है और इसका निर्देशन गुड्डू धनोआ ने किया है। पलक पहली बार एक्शन से भरी फिल्म में नजर आएंगी और उनका किरदार कहानी में एक खास मायने रखता है। मैं इस फिल्म में एक निडर और जिज्ञासु पत्रकार का किरदार कर रही हूं, जो हमेशा अपने उसूलों पर कायम रहती है। यह रोल मुझे इसलिए अच्छा लगा क्योंकि पेन स्टूडियोज़ और जयंतीलाल गड़ा जी का सपोर्ट था, जिससे मुझे इस रोल को निभाने का कॉन्फिडेंस मिला। यह अनुभव काफी मज़ेदार था। यह मेरे लिए नया था, और सेट पर जो माहौल था, वो मुझे बहुत प्रेरित करने वाला था। पेन स्टूडियोज़ जैसे बड़े प्रोडक्शन हाउस के साथ काम करने से यह और भी खास हो गया। गुड्डू सर के साथ काम करना बहुत अच्छा रहा। वह बहुत क्लियर हैं अपनी सोच में और पूरी काम को आसान और मजेदार बना दिया।

# सोने में आई बड़ी गिरावट



**मुंबई, एजेंसी।** आज बुधवार को सोना या चांदी खरीदने आपके लिए सुनहरा मौका साबित हो सकता है, क्योंकि सोने चांदी की कीमतों में गिरावट आई है। नई कीमतों के बाद सोने के दाम 97 हजार व चांदी के भाव 97 हजार के आसपास ट्रेंड कर रहे है। इन दिनों सोने व चांदी की कीमतों में बदलाव का क्रम जारी है। अगर आप आज बुधवार को सोना या चांदी खरीदने की सोच रहे है तो बाजार जाने से पहले 14 मई का ताजा भाव जान लीजिए। आज सोने की कीमतों में 540 प्रति 10 ग्राम की गिरावट आई है लेकिन चांदी के दाम में कोई बदलाव नहीं आया है। नई कीमतों के बाद सोने के दाम 96 हजार और चांदी के भाव भी 97 हजार के पार ट्रेंड कर रहे है। आज बुधवार को सराफा बाजार की ओर जारी सोने और चांदी के अनुसार आज 14 मई 2025 को 22 कैरेट सोने के दाम 88,200 , 24 कैरेट का भाव 96, 210 और 18 ग्राम सोने का रेट 72,170 रुपए पर ट्रेंड कर रहे है। वहीं 1 किलो चांदी का रेट97,900 रुपए चल रहा है।

**18 कैरेट सोने का आज का भावः** दिल्ली सराफा बाजार में आज 10 ग्राम सोने की कीमत 72 170/- रुपये। कोलकाता और मुंबई सराफा बाजार में 71, 040/- रुपये। इंदौर और भोपाल में सोने का भाव 72, 080 चल रहा है। चेन्नई सराफा बाजार में कीमत 72, 200/- रुपये पर ट्रेड कर रही है।

**22 कैरेट सोने का आज का भावः** भोपाल और इंदौर में आज 10 ग्राम सोने की कीमत 88, 100/- रुपये । जयपुर, लखनऊ, दिल्ली सराफा बाजार में आज 10 ग्राम सोने की कीमत (त्नश्चद्यस्त्र श्चह्लद्बष्ह्म् ञ्मश्चस्त्रड्ड4) 88, 200/- रुपये । हैदराबाद, केरल, कोलकाता, मुंबई सराफा बाजार में 88, 050/- रुपये ट्रेंड कर रहा है।

# श्री पार्श्वनाथ जिनालय बैरसिया की प्रतिष्ठा को दो वर्ष पूर्ण, आयोजन में उमड़े श्रद्धालु



**बैरसिया।** बैरसिया स्थित महावीर मार्ग पर विराजमान श्री पार्श्वनाथ जिनालय की प्रतिष्ठा को दो वर्ष पूर्ण होने के पावन अवसर पर 12 एवं 13 मई को भव्य धार्मिक एवं आध्यात्मिक आयोजन का आयोजन किया गया। यह आयोजन न केवल धार्मिक श्रद्धा का केंद्र बना, बल्कि पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करता हुआ, समाज में एकता और भक्ति का प्रेरणास्त्रोत बन गया। 12 मई को महामस्तकाभिषेक एवं पंच परमेष्ठी विधान के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। श्रद्धालुओं ने मंत्रोच्चार, अभिषेक, पूजन एवं विधान के माध्यम से भगवान श्री पार्श्वनाथ का दर्शन कर अपार पुण्य अर्जित किया। संपूर्ण जिनालय क्षेत्र भक्ति रस में सराबोर हो गया। 13 मई को मुख्य आयोजन के रूप में महामस्तकाभिषेक, मान स्तंभ स्थित पारसनाथ भगवान के मस्तकाभिषेक तथा पारसनाथ विधान अत्यंत श्रद्धा, विधिपूर्वक एवं धूमधाम से सम्पन्न हुआ। यह आयोजन उसी पवित्र धरोहर की स्मृति है, जब 8 मई 2023 से 13 मई 2023 के मध्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के दिव्य आशीर्वाद एवं परम पूज्य मुनिश्री 108 अजित सागर जी महाराज के सान्निध्य में पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य आयोजन हुआ था। उस समय सन 2017 से समाज अध्यक्ष प्रदीप जैन 'नीटू' के नेतृत्व में मंदिर का नवनिर्माण एवं जीर्णोद्धार कराया गया। निर्माण समिति व पंचकल्याणक समिति के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार जैन ने अथक प्रयासों से इस दिव्य जिनालय को आकार दिया और पंचकल्याणक महोत्सव को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया। इस वर्ष के आयोजन में श्री दिगंबर जैन पंचायत कमेटी ट्रस्ट के अध्यक्ष मुकेश जैन की सराहनीय भूमिका रही।

## शक्ति पंप्स (इंडिया) लि. ने वित्त वर्ष 2024-25 में 2,516.2 करोड़ के राजस्व का आंकड़ा पार किया

**इंदौर, एजेंसी।** शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड ने 31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही और वित्त वर्ष के लिए अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की। शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड के चेयरमैन, श्री दिनेश पाटीदार ने कंपनी के प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए कहा- हमें यह बताते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी का प्रदर्शन बहुत ही शानदार रहा है, जिसमें सभी प्रमुख मानकों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। हमने अब तक का सर्वाधिक राजस्व 2,516.2 करोड़ दर्ज किया, जो वर्ष दर वर्ष 83.6 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है, जबकि शुद्ध लाभ में 188.2 प्रतिशत की जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है और यह 408.4 करोड़ तक पहुंच गया।यह प्रभावशाली टॉपलाइन ग्रोथ हमारे घरेलू और निर्यात दोनों व्यवसायों में शानदार प्रदर्शन के चलते संभव हुई है। साथ ही, ऑपरेशन में दक्षता पर हमारे निरंतर ध्यान ने लाभ और मार्जिन को भी सशक्त किया है।हमारी वित्तीय सतर्कता का प्रमाण है कि हमने एफवाय25 में उच्च राजस्व के बावजूद रसीवेबल डेज़ को प्रभावी ढंग से घटाया है। एफवाय24 में जहाँ रसीवेबल डेज़ 178 से अधिक थे, वहीं एफवाय25 में यह घटकर 152 दिन रह गए हैं। हमें विश्वास है कि आने वाले वर्षों में यह ट्रेंड और बेहतर होगा। हमारा निर्यात व्यवसाय लगातार मजबूत प्रदर्शन कर रहा है। अमेरिका, अफ्रीका, एशिया और मिडिल ईस्ट जैसे क्षेत्रों में हमारी मजबूत उपस्थिति यह सुनिश्चित करती है कि यह व्यवसाय स्टेबल और सस्टेनबल बना रहेगा।

# सी.बी.एस.ई. परीक्षा में छिंदवाड़ा की छात्राओं ने बाजी मारी

## विद्या भूमि सीबीएसई स्कूल की 10वी की छात्रा माधवी सूर्यवंशी 97.2 प्रतिशत एवं 12वी की सारा राजपूत ने 96 प्रतिशत अंक पा कर प्रथम रहे





**छिंदवाड़ा।** सीबीएसई द्वारा क्लास 10 एवं 12 का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। विद्या भूमि पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने अपने सर्वश्रेष्ठ रिजल्ट से अग्रणी रहने का सिलसिला बनाए रखा एवं स्कूल की गौरवशाली परंपरा को कायम रखने का इतिहास रचा है।

क्लास 10 में विद्यालय की छात्रा माधवी सूर्यवंशी 97.2 प्रतिशत शुभ सूर्यवंशी 97.0 एवं सपन भारती ने 97 प्रतिशत हासिल किए। साथ ही सिद्धि मिश्रा, रोहिन घागरे, रितिका मालवीय, शशांक शुक्ला, गार्गी पवार ने 96 प्रतिशत, लतिका उपाध्याय, आयुषी सोलंकी ने 95 प्रतिशत, आशुतोष साहू संस्कार वाडेकर, इशिता तुपकर, आस्था राजपूत, जेहरा बक्शी, मौसमी सूर्यवंशी ने 94 प्रतिशत, साहित्य वाघमारे, शुभ वानखेड़े, श्रेष्ठा रोड़े, लक्ष्मी पटले. आर्या मालवी, खुशी राय, तन्वी चौधरी, हसी विश्वकर्मा ने 93 प्रतिशत, हर्षित साहू आस्था माहोरे, दिव्यांश राय मयंक माहोरे, हर्ष सूर्यवंशी, भवानी प्रताप सिंह ने 92 प्रतिशत. इशिका पाठे, लबीब सारा, सृष्टि पाठे ने 91 प्रतिशत नैतिक तुरकर, रिद्धिमा बंदेवार, नुपूर विश्वकर्मा, शौर्य शर्मा, श्रद्धा विश्वकर्मा ने 90 प्रतिशत, प्रतिशत के साथ सभी ने सफलता हासिल की। 38 छात्र-छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। कम्प्यूटर एप्लिकेशन में सपन भरती., गार्गी पवार एवं आस्था राजपूत ने एवं सोशल साइंस में शुभ सूर्यवंशी ने 100 में 100 अंक अर्जित किए।क्लास 12 में विद्यालय की छात्रा सारा राजपूत ने 96 प्रतिशत हमजा खान एवं तेजस्विनी शेरके ने 95 प्रतिशत एवं रिशिका सिंह राजपूत ने 92.4% हासिल किए। सारा राजपूत ने बिजनेस स्टडी में 100 में से 99 अंक हासिल किए। स्कूल के 11 छात्र छात्राओं संस्कृति दुबे ने 92 प्रतिशत, राघव चांडक ने 92.00 प्रतिशत, वैभव सूर्यवंशी ने 91.4 प्रतिशत, तरंग सूर्यवंशी ने 91.0 प्रतिशत आर्जव जैन, संजिता नंदा ने 90.2 प्रतिशत, एवं आदित्यराम बघेल ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर साइंस एवं कामर्स एवं आर्टस सभी संकायों में शानदार प्रदर्शन किया। स्कूल के छात्रों के इस शानदार रिजल्ट पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ. शेषराव यादव, एडमिनिस्ट्रेटर डॉ. विजया यादव, प्राचार्य, उप प्राचार्य एवं संपूर्ण विद्यालय परिवार ने बच्चों एवं उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी।

### अदिति चौरसिया ने लाये 80 प्रतिशत

अदिति चौरसिया पिता आशीष चौरसिया(अस्सू भैया) भारत भारती विद्यालय कक्षा बारहवी 80 प्रतिशत अंक प्राप्त किये।

### ग्रामीण छात्रा श्रृष्टि चौरसिया ने लाये 79 प्रतिशत

श्रृष्टि पिता विनोद चौरासिया मां ऋतु चौरसिया हरनाखेड़ी, शाला कन्या हायर सेकंडरी स्कूल चांद से कक्षा 12वी , विषय बायोलॉजी साइंस में 79 प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण ,

### अंशुमन रॉय ने 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किये

कक्षा 10 वी में अंशुमन रॉय ने 90.2 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान, संस्कृति बघेल ने 90.2 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान व टीना पटेल ने 90 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया आज सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 10 वी के परीक्षा परिणाम में ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल का शानदार परिणाम रहा।

### पार्थ अग्रवाल ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किया

एडिफाई स्कूल, छिंदवाड़ा के छात्रों ने इस वर्ष की बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। कक्षा 12वीं में पार्थ अग्रवाल ने 91% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया।

### 12 वीं में अनुश्री शर्मा ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए

ब्रम्ह समाज कल्याण मंडल के सचिव कन्हैया शर्मा की सुपुत्री अनुश्री शर्मा ने 12वीं सीबीएसई कक्षा में 95 प्रतिशत प्राप्त कर समाज का नाम गौरांवित किया है।

### भगवान श्रीचंद पब्लिक स्कूल के शिवम कुमार को मिले 93 प्रतिशत

सी.बी.एस.ई. कक्षा 10वीं एवं 12वीं के घोषित परिणाम में भगवान श्रीचंद पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। कला संकाय में शिवम कुमार ने 93% के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिसमें उनके विषय थे पॉलिटिकल साइंस (97), इतिहास (93), समाजशास्त्र (93), अर्थशास्त्र (93) और अंग्रेज़ी (87); आरजू बनवंशी ने 89प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जिनके विषय थे पॉलिटिकल साइंस (97), अर्थशास्त्र (88), समाजशास्त्र (87), अंग्रेज़ी (90) और इतिहास (80); उत्सव सोनी ने 84% के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया, जिनके विषय थे हिंदी (97), अंग्रेज़ी (86), पॉलिटिकल साइंस (83), इतिहास (81) और अर्थशास्त्र (72)। बायोलॉजी संकाय में प्रियांशु विश्वकर्मा ने 90% के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया,




### कक्षा 10वीं के घोषित परिणाम में

भगवान श्रीचंद पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उर्वशी इनवाती ने 80% अंक प्राप्त किए, जिनमें अंग्रेज़ी (86), हिंदी (93), गणित (67), विज्ञान (70) और एसएसटी (81) अंक शामिल हैं। राधेश्याम गुनतोरे ने 74% अंक प्राप्त किए, जिनमें अंग्रेज़ी (84), हिंदी (81), गणित (72), विज्ञान (58) और एसएसटी (72) अंक हैं। आरोही विके ने 70.2% अंक प्राप्त किए, जिनमें अंग्रेज़ी (70), हिंदी (76), विज्ञान (60) और एसएसटी (89) अंक शामिल हैं। जशीरा सिद्दीक़ी ने 68% अंक प्राप्त किए, जिनमें अंग्रेज़ी (76), हिंदी (82), विज्ञान (62) और एसएसटी (70) अंक हैं। श्रुति लाड ने 67% अंक प्राप्त किए, जिनमें अंग्रेज़ी (72), हिंदी (80) और एसएसटी (86) अंक शामिल हैं। शुभम प्रजापति ने 64% अंक प्राप्त किए, जिनमें अंग्रेज़ी (65), हिंदी (75) और एसएसटी (72) अंक हैं। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. बरखा बेदी और डायरेक्टर मनजीत सिंह बेदी ने छात्रों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर गर्व व्यक्त किया और उनकी कड़ी मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन को सराहा।

### पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 छिंदवाड़ा कक्षा 10वीं के अनुराग पवार, अनुज पहाड़े, वंश मालवीय एवं कक्षा 12वीं के करण वर्मा, अमित कुमार व हर्षिता बिंझाड़े ने पाया प्रथम स्थान

सीबीएसई परीक्षाओं के गत दिवस घोषित कक्षा दसवीं और बारहवीं के परीक्षा परिणामों में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 छिंदवाड़ा ने पुन: इतिहास रचते हुए कीर्तिमान बनाया । केंद्रीय विद्यालय के विज्ञान, कॉमर्स और मानविकी संकाय के कुल 108 विद्यार्थियों में से 103 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए और उत्तीर्ण विद्यार्थियों का प्रतिशत 95.37 रहा, वहीं कक्षा दसवीं के 175 विद्यार्थियों में से 172 विद्यार्थियों ने उत्तीर्ण होकर 98.29 प्रतिशत के साथ एक नया कीर्तिमान रचा। कक्षा 12वीं में विज्ञान विषय में करण वर्मा 95.02% के साथ प्रथम स्थान पर रहे, वही कॉमर्स में अमित कुमार श्रीवास्तव 91.4% के साथ प्रथम स्थान पर रहे, जबकि आर्ट में हर्षिता बिंझाड़े 87.6% के साथ प्रथम स्थान पर रहीं । इसी प्रकार कक्षा दसवीं में अनुराग पवार ने 96.01%, अनुज पहाड़े ने 94.4% एवं वंश मालवीय में 93.6% अंक हासिल कर प्रथम, व्दितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया । विज्ञान संकाय में व्दितीय स्थान पर कौशिकी मिश्रा 94.4% के साथ एवं विवेक तृतीय स्थान पर 92.5% के साथ रहे । श्याम सोलंकी 89.8% के साथ कॉमर्स में व्दितीय स्थान पर जबकि आयशा परवेज 86.2% के साथ तृतीय स्थान पर रहे । आर्ट संकाय में 84.2% के साथ नैना सोलंकी व्दितीय एवं 81.2% के साथ देवयानी सरेआम तृतीय स्थान पर रहे । विद्यालय प्राचार्य श्री हरिप्रसाद धारकर ने सभी अच्छे अंक लाने वाले विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों को बहुत बधाई और शुभकामनाएं दी । साथ ही उन्होंने कहा कि यह परिणाम विद्यालय के शिक्षकों के अथक परिश्रम और लगन का परिणाम है । उन्होंने उत्कृष्ट परिणाम लाने पर विद्यालय के शिक्षकों का आभार व्यक्त किया ।

### छात्रा मुस्कान ने लिए 97 अंक सीबीएसई 10वीं एवं 12वीं का रिजल्ट




फर्स्ट स्टेप सीनियर सेकेंडरी स्कूल छिंदवाड़ा का कक्षा 12वी का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा । विधार्थियो ने सभी संकायों मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय सहित सम्पूर्ण जिले को गौरवान्वित किया। हयुमेनिटीज ( कला) संकाय मे छात्रा मुस्कान गुरधे ने 97 प्रतिशत अंक अर्जित कर ज़िलें मे प्रथम स्थान प्राप्त किया है। साथ ही उत्कर्षा सोनटके ने 93%/. और अश्विनी राय ने 90%/. अंक प्राप्त किये है वाणिज्य संकाय मे आरना नायक 96 %/. सेजल जैन 96/. माही चौधरी देशना जैन 95%/. कनिष्का साहू 94%/. गुंजन गोखलानी 93%/., अनीश मिश्रा 92%/. आस्था सूर्यवंशी 90%/. अंक अर्जित किये है साथ ही 20 से अधिक विद्यार्थियों ने लगभग 89%/. अंक प्राप्त कर प्रवीन्य सूची मे अपना स्थान बनाया है द्य विज्ञान संकाय मे आशुतोष सेठिया ने 91.2 %/. अंक अर्जित कर विद्यालय मे प्रथम स्थान बनाया है द्य विज्ञान संकाय मे ही यश सक्सेना श्रष्टि बरहारिया 90%/., अभिनय अनिल काले वंशिका साहू तथा अन्य सभी विद्यार्थियों ने लगभग 85 फीसदी अंक प्राप्त कर



प्रवीन्य सूची मे अपना स्थान बनाकर पूरे विद्यालय परिवार को गौरवन्वित किया है द्य कक्षा 12वी की ही तरह कक्षा 10 वी के भी विधार्थियो ने बोर्ड की परीक्षा मे सफलता का परचम लहराते हुए जिले की प्रवीन्य सूची मे स्थान बनाकर विद्धयालय ही नहीं वरन सम्पूर्ण छिंदवाड़ा को गौरवन्वित किया है। यशस्व मिश्रा ने 98.2 % अंक अर्जित कर जिले मे प्रथम स्थान प्राप्त किया है द्य इनारा चौहान एवं सौम्या आठनेरिया मनस्वी जैन /.प्रांजल नेमा 98%/. श्रावनी शैलेन्द्र आरपुरे, नैतिक जैन 97/. अथर्व पवार, आदिश्री शुक्ला, राज्यवर्धन दुबे, सक्षम सिंह पलेरिया, सुभांगी सिंह शयला शरद विष्ट ने 96% तिथि जैन शिवांश यदुवंशी, तेजस्व शर्मा /. सानिआ मित्रा शैवी मागो 95/. अर्श भारत 94%अराध्य सिंह परमार, तान्या यदुवंशी आदित्य कुमार रौतेल, रिया साहू अविका शर्मा, आदित्य गौतम, जयती साहू 93%/.तनय मौर्य 92/., पावनी श्रीवास्तव, अनुभव साहू., पायल डेहरिया 91% खुशी गावंडे, शुभ्रा दुबे 90% जन्नत खान, मयंक साहू 90%/. अंक प्राप्त किये है साथ ही 57 से अधिक विद्यार्थियों ने 85 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किये हैद्य जिनमे 15 छात्रों ने आर्टिफिशल इंटेलीजेंस मे 100 मे से 100 एवं 3 विधार्थियो ने गणित मे 100 मे से 100 और 1 छात्र ने सामाजिक विज्ञान मे 100 मे से 100 अंक प्राप्त किये है इस प्रकार विद्यालय का रिजल्ट शत प्रतिशत के साथ उत्कृष्ट भी रहा। विद्यालय की संचालिका श्रीमति मंजू प्रदीप साव, एवं प्राचार्या श्रीमति रुचिका अमित साव एवं समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन मे विधार्थियो ने अथक परिश्रम पर बधाई दी।

## गोदाम में तोड़फोड़ और मारपीट

### पुलिस अधीक्षक को की शिकायत



**छिंदवाड़ा।** जुन्नारदेव थाना अन्तर्गत आवेदक सुधीर कुमार पिता कृष्णचन्द गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत की कि नवीन खंताल, प्रवीण खंताल पिता स्व. जगदीश खंताल एवं अन्य लोगों ने 5 जून को सुबह गोदाम की छत एवं दीवार को तोड़ दिया एवं पुत्र सौरभ, पत्नि प्रभा गुप्ता के साथ एवं छोटे भाई नीतेश के साथ मारपीट की। जिसकी शिकायत थाने में की गई किन्तु पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। कार्यवाही हेतु सुधीर गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की।

## नगर पालिका डोंगर परासिया से टी व्ही गायब

### पार्षदों ने की रिपोर्ट दर्ज करने की मांग

**छिंदवाड़ा/परासिया।** नगर पालिका परिषद डोंगर परासिया में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है।पूर्व समय में नगर पालिका प्रशासन द्वारा दो 65 इंची एलईडी टीवी क्रय की गई थीं। वर्तमान में नगर पालिका कार्यालय में केवल एक एलईडी टीवी ही उपलब्ध है, जबकि दूसरी टीवी का कोई अता-पता नहीं है।इस विषय में जानकारी मिलने पर वार्ड क्रमांक 9 के पार्षद आशीष जायसवाल ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को पत्र के माध्यम से अवगत कराया और गायब एलईडी टीवी के संबंध में स्पष्ट जानकारी मांगी। इसके अतिरिक्त वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद अनुज पाटकर एवं वार्ड क्रमांक 11 के पार्षद पवन सूर्यवंशी ने भी मौखिक रूप से इस विषय में जानकारी मांगी है।पार्षदों का कहना है कि यदि शीघ्र ही गायब टीवी की जानकारी प्राप्त नहीं होती है,तो इस संबंध में संबंधित थाने में आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई जाएगी।नगर पालिका परिषद से अपेक्षा की जाती है कि वह इस मामले की पारदर्शी जांच करवाए और जिम्मेदारों पर उचित कार्रवाई सुनिश्चित करे।

## श्री राम मंदिर में कृषि भूमि का ठेका



**अमरवाड़ा।** श्री राम मंदिर के मानस भवन में श्री राम मंदिर समिति द्वारा श्रीराम मंदिर की लगभग 42 एकड़ कृषि भूमि का 23 वा*ठेका श्री राम मंदिर समिति के संरक्षक आदरणीय प्रेम नारायण जी ठाकुर (पूर्व मंत्री म प्र) अध्यक्ष श्री संतोष नेमा जी निर्माण समिति अध्यक्ष श्री अशोक तिवारी जी समिति के वरिष्ठ सदस्य राजेंद्र सोनी मंडल अध्यक्ष भाजपा सचिन नेमा, बजरंग दल अध्यक्ष संतोष मिश्रा, नटनी माई समिति के वरिष्ठ गणेश साहू , राधेश्याम सोनी पतंजलि योग समिति के अध्यक्ष दादूराम जंघेला नीरज नेमा, (गोटू ) जन भागीदारी अध्यक्ष प्रदीप पप्पू साहू, कैलाश वर्मा भुवन मालवी, दिलीप नेमा, ओम प्रकाश विश्वकर्मा, सौरभ नेमा, मुकेश ठाकुर एवं समिति के पदाधिकारी महलोंन कोपाखेड़ा अमरवाड़ा के कृषक सम्मिलित हुए आठ कृषको ने अमानत राशि जमा कर बोली में भाग लिया सफल बोलीदार के रूप में अमरवाड़ा के अनिल चौरसिया ने अधिकतम बोली 267000 रुपए के साथ श्री राम मंदिर की लगभग 42 एकड़ कृषि भूमि कृषि हेतु 1 वर्ष के लिए प्राप्त किया समिति द्वारा सफल बोलीदार अनिल चौरसिया को शुभकामनाएं प्रेषित की गयी।

## हजरत गुलजार बाबा का उर्स

### आतंकी हमले के शहीदों के लिये मांगी गई दुआ



**छिंदवाड़ा।** हजरत गुलजार बाबा गुलाम अली शाह रहमत उल्लाह अलैह की दरगाह उमरिया इशरा सिवनी रोड़ छिन्दवाड़ा में उर्स का प्रोग्राम हुआ। जिसमे दोपहर में कुरानरबानी की गई, शाम को निशान पेश किया गया, रात्री 8 बजे अजमेर शरीफ से आई चादर संदल पेश कर देश में अमन शांती एवं आतंकी हमले में शहीद सैनिको वा आप नागरिकों के हक में दुआ की गई एवं रात्री 10 बजे से सुबह 4 बजे तक सईद फ़रीद निजामी कव्वाल झांसी उत्तर प्रदेश ने कव्वाली प्रस्तुत की गई तथा लंगर का प्रोग्राम भी गया किया द्य सुबह 6 बजे कुल शरीक किया गया, उमरिया इशरा के तमाम लोगों का सहयोग तन ,धन और मन से किया गया , इस प्रोग्राम के बारे में जानकारी कार्यक्रम संयोजक जितेन्द्र अलबेला यूसुफ भाई, जावेद भाई ने बताया।

## मधुमक्खियों के हमले में घायल बुजुर्ग ने अस्पताल में तोड़ा दम



**छिंदवाड़ा।** ग्राम खजरी निवासी 60 वर्षीय नोखे पिता विपत धुर्वे की सोमवार दोपहर खेत में काम करते समय मधुमक्खियों के हमले में मौत हो गई। यह हादसा दोपहर लगभग 4 बजे हुआ, जब नोखे धुर्वे खेत में कार्य कर रहे थे। इस दौरान अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया, जिससे नोखे धुर्वे सहित दो अन्य मजदूर भी घायल हो गए। घटना के बाद ग्रामीणों ने तत्काल गंभीर रूप से घायल नोखे धुर्वे को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां मधुमक्खियों के डंक से चेहरे समेत शरीर के कई हिस्सों में चोटिल बुजुर्ग का उपचार किया गया। हालांकि इलाज के दौरान देर रात उन्होंने दम तोड़ दिया। अस्पताल चौकी पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## जामसावली हनुमान लोक में किया पूजन

**छिंदवाड़ा।** भाजपा युवामोर्चा जिला अध्यक्ष योगेन्द्र प्रताप राणा ने बताया की मंगलवार दोपहर 1 बजे भाजपा युवामोर्चा प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार का परिवार के साथ हनुमान लोक चमत्कारी जाम सावली हनुमान मंदिर सौसर दर्शन व पूजन के निमित अल्प समय के लिए आना हुआ।

# पाथाखेड़ा पुरानी बेल्ट लाइन में सैकड़ों टन दफन कोयला चोरी

**राजेश नायर सारनी।** वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड पाथाखेड़ा की जमीन पर कोयले की लूट मची है। रात के अंधेरे में चोर डबल्यू सी एल की जमीन से पुराने कोयले की चूरी निकालकर मालामाल हो रहे है। और सुरक्षाकर्मी या तो सो रहे है या फिर मिले हुए हैं! क्या यह डबल्यू सी एल के अधिकारियों की मिली भगत से हो रहा है।

**बिना अनुमति के कोयले की चोरी:** डबल्यू सी एल की जमीन से बिना किसी अनुमति और टेंडर के रातों-रात ट्रैक्टर-ट्रालियों से कोयले की चोरी की जा रही है। यह सब डबल्यू सी एल की नाक के नीचे हो रहा है। लेकिन किसी को इसकी भनक तक नहीं है!

**बेल्ट लाइन के नीचे दफन कोयले का भंडार:** मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी की बेल्ट लाइन जो शोभापुर खदान से सीएचपी तक कोयला पहुंचाने का काम करती थी। उसे 2023 में हटा दिया गया था। इसके नीचे लगभग 10 फीट तक कोयले की चोरी का ढेर दफन है। अब चोरों की नजर उस पर पड़ गई है !

**आठ हजार रुपये प्रति ट्राली से बिक रहा चोरी का माल:** चोर इस कोयले की चूरी को 8 हजार रुपये प्रति ट्राली के हिसाब से बेच रहे हैं। इस तरह वे रातों-रात लाखों रुपये कमा रहे हैं।

**सुरक्षा पर सवाल:** डबल्यूसीएल के एरिया से कोयले की चूरी से भरे ट्रैक्टर-ट्रालियों को रात के अंधेरे में निकालकर ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाना डबल्यू सी एल के सुरक्षा विभाग पर कई सवालिया निशान खड़े करता है। क्या विभाग के सुरक्षाकर्मी की मौजूदगी में यह कार्य हो रहा है? या फिर विभाग खुद इसे करवा रहा है?

**कई टन कोयले की हो गई चोरी:** अभी तक कई टन कोयले की चूरियां निकाली जा चुकी है। क्या डबल्यू सी एल इस मामले में कोई कार्रवाई करेगा या फिर यह लूट यूं ही जारी रहेगी। इस विषय पर डबल्यू सी एल क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी से दूरभाष पर बात करने की कोशिश की मगर सुरक्षा टीम के साथ जंगल में रहने की वजह से फोन पर बात नही हो पाई।

### इनका कहना है

पाथाखेड़ा डीर्लिंगकैंप की जमीन अब हमारे अंडर में नहीं है। यह एम पी ई बी की जमीन है ।वह जवाबदार है।

**क्षेत्रीय मुख्य महाप्रबंधक लक्ष्मीकांत महापात्रा**

## हार्टफुलनेस का 10 दिवसीय प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न



**छिंदवाड़ा।** बच्चों की एकाग्रता, आत्म-चेतना और आंतरिक शांति को विकसित करने हेतु हार्टफुलनेस हैदराबाद संस्था द्वारा छिंदवाड़ा पुलिस लाइन में 10 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।प्रशिक्षण पुलिस मुख्यालय के आदेश के अनुसार पुलिस अधीक्षक श्री अजय पांडे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आयुष गुप्ता के निर्देशन में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन उपनिरीक्षक श्री मुकेश द्विवेदी ने मुख्य प्रशिक्षक के रूप में किया। समापन कार्यक्रम में रक्षित निरीक्षक श्री आशीष तिवारी, उप पुलिस अधीक्षक (छ्य) श्री राजेश बंजारे, पुलिस लाइन 25 के बच्चे तथा उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

### मध्यम बारिश होने की संभावना

**छिंदवाड़ा।** भोपाल द्वारा जारी मौसम पूर्वानुमान से प्राप्त जानकारी के अनुसार अगले 120 घंटो के दौरान (14 मई से 18 मई ) घने से मध्यम बादल रहने एवं दिनांक 14.05.2025 को बिजली, तूफान के साथ हल्की बारिश एवं दिनांक 15.05.2025 से 18.05.2025 को बिजली, तूफान/तेज़ हवा (30-40 किमी प्रति घंटा) के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है ।

## विश्व को युद्ध की नहीं बुद्ध के विचारों की गरज: ममता सहारे

### चन्दनगाव छिन्दवाड़ा में मनाई बुद्ध जयंती



**छिन्दवाड़ा।** सुजाता महिला मंडल,त्रिरत्न जन कल्याण समिति चन्दनगाव के संयुक्त तत्वावधान में विश्व को शांति का संदेश देनेवाले महाकरुणिक तथागत गौतम बुद्ध की जयंती उत्साह के साथ मनाई गई। बुद्ध विहार में सुबह 10 बजे से प्रारंभ समारोह पंचशील ध्वजारोहण,गौतम बुद्ध व डॉ.बाबासाहेब आम्बेडकर की प्रतिमाओं को पुष्प माल्यार्पण कर,मोमबत्ती प्रजलवित कर परित्राण पाठ,सामुहिक बुद्ध वंदना के साथ हुआ।समाज के प्रतिस्ठित नागरिक मनोहर नारनवरे,एस.आर.बेले,ममता सहारे,लीला नारनवरे ने तथागत गौतम बुद्ध की जीवनी व उनके द्वारा दिये गए सारगर्भित उपदेशों पर विचार प्रगट किये। तत्पश्चात बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ,उन्हें पुरस्कृत किया गया। साथ ही समाज सेवा के लिये अपना योगदान देने के लिये लीना गोलाइत शिक्षिका,समृद्धि श्यामकुवार एमबीबीएस,वर्षा बेले शिक्षिका,संदीप सोमकुंवर बैंक अधिकारी को मानपत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रेरणा पगारे,सरोज गोलाइत,ममता श्यामकुवार सहित भारी संख्या में बौद्ध उपासक / उपसिकाएँ मौजूद थे।

# आदिवासी महापंचायत गढ़ा मंडला के विकासखंड प्रबंध कार्यकारिणी मोहगांव का हुआ गठन

**मंडला।** जिले के जनपद पंचायत मोहगाँव अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहगाँव रैयत सभागार में आदिवासी महापंचायत गढ़ा मंडला के विकासखंड मोहगाँव की बैठक आयोजित की गई,जिसमें निम्न विषयों पर विचार-विमर्श उपरान्त सर्व सहमति से निर्णय पारित किया गया।आदिवासी महापंचायत गढ़ा मंडला के विकासखंड मोहगाँव के लिये विकासखंड स्तरीय प्रबंध कार्यकारणी का सर्व सहमति से चयन कर गठन किया गया है,जैसे विकासखंड प्रबंध कार्यकारिणी अध्यक्ष भारत सिंह मसराम,कार्यकारी अध्यक्ष दशरथ सिंह वरकड़े,उपाध्यक्ष राधे शाह मरावी एवं मुनीम मरावी,सचिव जयपाल मार्को,सहसचिव कोपा सिंह धुर्वे एवं राजेश नेताम,कोषाध्यक्ष दसरू सिंह मरावी, प्रबंध कार्यकारिणी में सदस्यगण ब्रज कुमार मरकाम, फग्गनसिंह मरावी,कांशीराम कुलस्ते,राजा वरकड़े, देवेन्द्र मरावी,कमलेश धुर्वे,राम निवास रावत लाल कोर्चे,देवा सिंह करचाम का सर्वसम्मति से चयन किया गया है।इस दौरान निवास विधायक चैनसिंह वरकड़े, गुलाब सिंह मरदरिया,भूपेंद्र वरकड़े,मंगल सिंह करचाम,बचन सिंह मरावी,संतु सिंह मरावी,गत सिंह भवेदी,सी एस वरकड़े,आर पी मरावी,संजय शाह मरावी,डी एल उइके,राजेंद्र परते,बी एस मरावी, सोमवती धुर्वे सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित रहे।

भारतीय संविधान के विभिन्न अनुसूचियों,अनुच्छेदों एवं कानूनों में जनजाति समाज की सुरक्षा,संरक्षण एवं विकास के लिये अनेक प्रावधान/अधिकार/शक्तियॉ दिये गये हैं,उन सभी का जमीनी स्तर पर शत-प्रतिशत सही क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने हेतु आदिवासी महापंचायत गढ़ा मंडला ने कदम आगे बढ़ाया है। जनजाति समाज के पुरखा-पूर्वजों की परम्परागत रूढ़िगत सामाजिक पंचायती व्यवस्था को भारतीय संविधान पांचवी अनुसूची,अनुच्छेद 13(3)क एवं अनुच्छेद 244(2) में स्थान दिया गया है।गॉव में मुकद्दम, दवान, कोटवार,दवार,छिरवय,पंचगण एवं अन्य पदाधिकारी होते हैं।गॉव के पास विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका तीनों शक्तियॉ एक साथ उपलब्ध हैं।इसलिये कहा गया है÷न लोकसभा,न विधानसभा,सबसे बड़ा गॉंव सभा÷अर्थात् जनजाति समाज के करोड़ों साल प्राचीन पारम्परिक रूढ़िगत गॉव पंचायत एवं संबंधित उच्च स्तर के सामाजिक पंचायतों को विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका तीनों शक्तियॉ प्राप्त होने के कारण सबसे बड़ा है।इस व्यवस्था के मिटने की स्थिति में जनजाति समाज के दशा और दिशा को बचाये रखने के लिये महाप्रलय/महासंकट की स्थिति का निर्माण हो गया है,यदि जनजाति समाज की सुरक्षा,संरक्षण एवं विकास के लिये संवैधानिक अधिकारों/प्रावधानों को बचाने के लिये सामूहिक प्रयास नहीं किये गये तो जनजाति समाज को महाप्रलय के प्रभाव से नहीं बचा पाएंगे।देश की आजादी से लेकर अब तक जनजाति समाज के जनप्रतिनिधियो के द्वारा अपने निर्वाचन क्षेत्र के अपने ही जनजाति समाज की सुरक्षा,संरक्षण एवं विकास हेतु बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु प्रतिनिधित्व के अधिकार एवं कर्त्तव्यों का निर्वहन संबंधी व्यवहार ठीक नहीं है।अधिकतर जनजाति समाज के जनप्रतिनिधि अपने समुदाय को नजर अंदाज करके अपने से संबद्ध राजनैतिक पार्टी एवं उसके कार्यकर्ताओं के हित में ही कार्य करते देखे गये हैं।इस परिस्थिति को देखकर ही आदिवासी महापंचायत बनाया गया है।



भारतीय संविधान में किये गये प्रावधानों के तहत जनसंख्या के अनुपात में सरकारी सेवाओं में जनजाति समाज के लोगों को सरकारी सेवाओं में प्रतिनिधित्व देकर शासकीय कार्यालयों में पदस्थ किया जाता है, ताकि जनजाति समाज का सहयोग किया जा सके, परन्तु प्राय: सरकारी ऑफिसों में जनजाति समाज के कुछ अधिकारी-कर्मचारी अपने ही समाज के सदस्यों के साथ भ्रष्ट आचरण एवं असहयोग करते हुये देखे एवं पाये जाते हैं। न्यायपालिका में जनजाति समाज का जनसंख्या के अनुपात में प्रतिनिधित्व नहीं है। जनजाति समाज का न्यायपालिका में पर्याप्त न्यायाधीश नहीं होने के कारण जनजाति समाज को प्राकृतिक/नैसर्गिक न्याय नहीं मिल पा रहा है।प्राय: जनजाति समाज के साथ न्याय प्रक्रिया में भेदभाव होते हुये देखे जाते हैं।इन्हीं बातों को ध्यान में रखकर मंडला जिला के गाँव-गाँव जाकर मीटिंग आयोजित कर पुरखों के करोड़ों साल प्राचीन परम्परागत सामाजिक पंचायती व्यवस्था को सशक्त करने हेतु आदिवासी महापंचायत गढ़ा मंडला का संवैधानिक प्रावधानों के तहत गठन किया गया है।आदिवासी/जनजाति सगा समाज के मातृशक्ति,पितृशक्ति, युवाशक्ति, जिले में कार्यरत समस्त जनजाति सामाजिक संगठनों एवं अधिकारी/कर्मचारियों से आग्रह है कि इस आदिवासी महापंचायत से जुड़कर आदिवासी/जनजाति सामाजिक एकता और ताकत को बढ़ाने में अपनी भूमिका सुनिश्चित करें।

# विजय शाह के विवादित बयान पर कांग्रेस का प्रदर्शन, मंत्री का पुतला फूंका





**भोपाल/ इंदौर।** मध्यप्रदेश के आदिम जाति कल्याण मंत्री विजय शाह द्वारा ऑपरेशन सिंदूर में शामिल सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर दिए गए विवादित बयान के बाद बुधवार को इंदौर में कांग्रेस सेवादल के नेताओं ने गांधी प्रतिमा पर कर्नल सोफिया और सैन्य अधिकारी व्योमिका सिंह के पोस्टर लगाकर उनका दूध से अभिषेक किया और मंत्री विजय शाह से तत्काल इस्तीफे की मांग की। सेवादल के कार्यकारी अध्यक्ष विवेक खंडेलवाल और नेता गिरीश जोशी ने कहा कि सोफिया कुरैशी और व्योमिका सिंह जैसी भारत माता की बेटियों ने ऑपरेशन सिंदूर में अदम्य साहस दिखाकर पाकिस्तान को करारा जवाब दिया। लेकिन राज्य के मंत्री विजय शाह ने जिस भाषा में बात की, वह हमारी बहनों का अपमान है। अगर तत्काल इस्तीफा नहीं लिया तो कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी।

कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर दिए गए बयान को लेकर शहर कांग्रेस और महिला मोर्चा ने मंत्री विजय शाह के खिलाफ नारेबाजी की और उनका पुतला फूंका। इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत सिंह चड्ढा ने कहा कि विजय शाह का यह बयान अत्यधिक आपत्तिजनक है। मंत्री विजय शाह के खिलाफ कांग्रेस का विरोध लगातार तेज हो रहा है। इंदौर की वार्ड क्रमांक 20 की कांग्रेस पार्षद यशस्वी पटेल ने कहा-भाजपा को तत्काल उनसे इस्तीफा लेना चाहिए। यदि ऐसा नहीं किया गया तो विरोध और उग्र होगा। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि भाजपा ने इससे पहले भी पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए नौसेना अफसर की पत्नी को सोशल मीडिया पर ट्रोल किया था। साथ ही विदेश सचिव विक्रम मिसरी की बेटी को भी निशाना बनाया गया था।

### सोफिया के घर पहुंचे भाजपाई

बयान के बाद मामला तूल पकड़ता देख भाजपा ने भी सक्रियता दिखाई। मंगलवार देर रात भाजपा के पूर्व विधायक मानवेंद्र सिंह कर्नल सोफिया कुरैशी के छतरपुर जिले के नौगांव स्थित निवास पर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात की।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा के निर्देश पर भेजी गई टीम ने सोफिया के परिवार को देश की बेटी बताते हुए समर्थन और सम्मान का संदेश दिया।

### कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे ने एक्स पर लिखा

मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री ने देश की वीर बेटी कर्नल सोफिया कुरैशी के बारे में बेहद अपमानजनक और शर्मनाक टिप्पणी की है। पहलगाम हमले के बाद जब पूरा देश एकजुट था, तब भाजपा नेता सेना की बेटियों को नीचा दिखाने वाले बयान दे रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी को तत्काल विजय शाह को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करना चाहिए।

# लायंस क्लब की बैठक में टीम वर्क को बढ़ावा देने का आह्वान किया

**उज्जैन।** लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233जी2, रीजन-07, जोन-03 की तीसरी जोन सलाहकार बैठक लायंस हॉल, फ्रीगंज, उज्जैन में सफलतापूर्वक आयोजित हुई। बैठक में जोन के विभिन्न क्लबों के प्रमुख पदाधिकारी–अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष–उत्साहपूर्वक शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई, जिसके बाद राष्ट्रगान, ध्वज अभिवादन और विश्व शांति हेतु एक मिनट का मौन रखा गया। इन सभी गतिविधियों का संचालन लायन चिराग उपाध्याय द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह के पश्चात, विभिन्न क्लबों के अध्यक्षों और सचिवों ने अपने-अपने क्लबों की गतिविधियों, उपलब्धियों तथा आगामी योजनाओं की विस्तृत प्रस्तुतियां दीं। बैठक का विशेष आकर्षण रहा प्रेरणादायक नेतृत्व सत्र, जिसे जिला समन्वयक (डीसी) लायन संजय सक्सेना ने संबोधित किया। अपने विचारों में लायन सक्सेना ने नेतृत्व के विभिन्न पहलुओं–दूरदर्शिता, प्रभावी संवाद, सहानुभूति और निरंतर क्रियाशीलता–पर प्रकाश डाला। उन्होंने सदस्यों को उदाहरण द्वारा नेतृत्व करने, टीम वर्क को बढ़ावा देने और भविष्य के नेताओं को तैयार करने का आह्वान किया, ताकि लायंस आंदोलन का निरंतर विकास सुनिश्चित किया जा सके।

### संजय सक्सेना को स्मृति चिन्ह भेंट किया

सत्र के समापन पर, जोन चेयरपर्सन लायन डॉ. गौतम शर्मा ने लायन संजय सक्सेना का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया। डॉ. शर्मा ने सभी क्लब नेताओं के योगदान की सराहना की और सेवा उत्कृष्टता तथा नेतृत्व विकास की दिशा में निरंतर प्रयास करने का आग्रह किया। बैठक का समापन उत्साहजनक वातावरण में हुआ, जहाँ सभी सदस्यों ने संगठन की प्रभावशीलता को सुदृढ़ करने हेतु आगामी परियोजनाओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।







